'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 219 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए वीरवार, 24 अक्टूबर 2024 samachargate@gmail.com

जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पूज्य संतों ने दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री आवास पर भव्य रूप से आयोजित हुआ संत सम्मेलन

विलुप्त हो रही हमारी संस्कृति पिछले 10 वर्षों में अंकुरित हो कर दोबारा फिर एक वट वृक्ष का रूप ले रही– मुख्यमंत्री

हरियाणा के लोगों ने स्वीकार किया कि भारतीय जनता पार्टी वोट के लिए नहीं बल्कि व्यवस्था के लिए काम करती है

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा की जनता द्वारा बड़े बहुमत से प्रदेश में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर पूज्य संतों ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को आशीर्वाद दिया। आज यहां मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर पर भव्य तरीके से संत आर्शीवाद समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर से महान संतों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन से पहले पूज्य संतों द्वारा हवन यज्ञ किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने भी आहुति दी।

इस मौके पर अपने संबोधन में श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं बड़ा सौभाग्यशाली हूं जो आज मुझे सभी संतों का आशीर्वाद मिला है। सभी संतों ने यही आशीर्वाद दिया है कि मेरा ये देश मेरा ये हरियाणा मजबूती से आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश और प्रदेश ने एक नई करवट ली है। देश की समस्याओं का समाधान हुआ, जिनसे हम पहले जूझते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम देखते थे कि हमारी संस्कृति कहीं न कहीं विलुप्त होती जा रही है, लेकिन पिछले 10 वर्षों में वो अंकुरित हो कर दोबारा फिर एक वट वृक्ष का रूप ले रही है। ये आप लोगों का ही आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि संतों के इस आशीर्वाद से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ मिलकर हरियाणा को तीव्र गति से आगे बढ़ाने के लिए वे दिन रात काय करेंगे।

हरियाणा के लोगों ने स्वीकार किया कि भारतीय जनता पार्टी वोट के लिए नहीं बल्कि व्यवस्था के लिए काम करती है

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमने कुछ निर्णय भी लिए, जिनका हरियाणा प्रदेश की जनता को सीधा लाभ मिला है। श्री मनोहर लाल ने संकल्प लेकर एक व्यवस्था को खड़ा किया और उसका ही परिणाम है कि सरकार के शपथ ग्रहण से पहले हरियाणा प्रदेश के गरीब परिवारों के 25,000 बच्चों को बिना पर्ची खर्ची के सरकारी नौकरी मिली। हरियाणा प्रदेश के लोगों के बीच में एक बड़ा संदेश गया कि ये सरकार राजनीति के लिए काम नहीं करती है, बल्कि प्रदेश के हित के लिए काम करती है। हमने जो कहा था उसको पूरा किया। प्रदेश के लोगों ने इस बात को स्वीकर किया कि भारतीय जनता पार्टी वोट के लिए नहीं बल्कि व्यवस्था के लिए काम करती है और हमने ये सिद्ध करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि श्री मनोहर लाल जी ने हरियाणा प्रदेश के लिए गजब की व्यवस्थाएँ खड़ी की, जो मुझे विरासत में मिली और संतों के आशीर्वाद से इस विरासत को और गति से आगे बढ़ाने का काम करूँगा।

समारोह में कैबिनेट मंत्री श्री महिपाल ढांडा, श्री विपुल गोयल, श्री रणबीर गंगवा तथा राज्य मंत्री श्री राजेश नागर व श्री गौरव गौतम भी उपसथित रहे। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री ने मंच पर आसीन सभी संतों को रुद्राक्ष की माला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी और सभी मंत्रियों ने भी समारोह में आए अन्य सभी पूज्य संतों को सम्मानित किया।

वर्तमान सरकार अपने संकल्पों को सद्भाव और सहज भाव से राष्ट्र हित में आगे बढ़ाने के लिए पुरजोर प्रयास करेगी – स्वामी ज्ञानानंद महाराज

इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने संत आर्शीवाद समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संतों के आर्शीवाद, ईश्वरीय कृपा, संगठन की नियोजित साधना व संकल्प के कारण ही 8 अक्टूबर को जो परिणाम आया वो प्रदेश के नागरिकों के हित के साथ–साथ राष्ट्र व सनातन गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि संत समाज को पूर्ण विश्वास है कि वर्तमान सरकार अपने संकल्पों को सद्भाव और सहज भाव से राष्ट्र हित में आगे बढ़ाने के लिए पुरजोर प्रयास करेगी। श्री मनोहर लाल जी ने जो नींव रखी थी, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी उन नीतियों को मजबूती से आगे बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से ही आज कुरुक्षेत्र के साथ विश्व में भी गीता जयंती महोत्सव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भव्य तरीके से मनाया जाता है।

नायब सिंह सैनी जैसे व्यक्तित्व इतिहास बनाते हैं – आचार्य धर्मदेव

इस मौके पर आचार्य धर्मदेव ने कहा कि आज सभी संत हरियाणा की 2.80 करोड़ आबादी का नेतृत्व करने वाले मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को आशीर्वाद देने के लिए विशेष रूप से यहां पधारे हैं। उन्होंने कहा कि श्री नायब सिंह सैनी जैसे व्यक्तित्व इतिहास बनाते हैं और उनके नेतृत्व में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने से हरियाणा में भी एक इतिहास बना है। श्री नायब सिंह सैनी सदैव राष्ट्र के हित को आगे रखते हुए लोगों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देश को श्री नरेंद्र मोदी के रूप में यशस्वी प्रधानमंत्री मिला, जिन्होंने राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखा और आज भारत का नाम विश्व में रोशन हो रहा है। इसी प्रकार, आज हरियाणा को श्री नायब सिंह सैनी के रूप में महान व्यक्तित्व का मुख्यमंत्री मिला है, जिन्होंने 5– 6 माह में ही लोगों का दिल जीत लिया है।

महान संतों की रही विशेष उपसथिति

समारोह में विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्री दिनेश, स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज, स्वामी विवेकानंद सरस्वती महाराज, स्वामी शास्वानंद महाराज, स्वामी कपिलपुरी महाराज, स्वामी संपूर्णानंद महाराज, स्वामी ब्रह्मस्वरूप महाराज, योगीराज दिव्यानंद, स्वामी कालिदास महाराज सहित संपूर्ण संत समाज की उपसथित रही।

मुख्यमंत्री से जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ काम करने की संभावनाओं पर हुई चर्चा

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से आज चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री निवास पर जर्मनी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाक़ात की और हरियाणा एवं जर्मनी के बीच ऑटोमोटिव , फार्मेस्युटिकल्स, शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, जलवायु परिवर्तन समेत विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ काम करने की संभावनाओं पर चर्चा की। जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल में जर्मनी के केल्स्टरबाक के मेयर मैनफ्रेड ओकेल, रसेलहेम के मेयर पैट्रिक बर्गहार्ट, रौनहेम के मेयर डेविड रेंडेल और फ्रैंकफर्ट के सांसद राहुल कुमार जैसे प्रमुख व्यक्ति शामिल थे। मुख्यमंत्री ने जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा एक अग्रणी प्रदेश है और जनसँख्या में छोटा होते हुए भी विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर पैदा करने के लिए निवेशकों को आकर्षित कर रही है। निवेशकों को यहां विभिन्न सहूलियतें दी जा रही हैं , अगर जर्मनी की ओर से भी प्रदेश में निवेश करने की इच्छा जताई गई तो प्रदेश सरकार हर संभव सुविधाएँ उपलब्ध करवाने का प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार गो ग्लोबल के माध्यम से हरियाणा में परिवर्तन लाने की दिशा में कार्य कर रही है। इसमें विदेशी सरकारों एवं संगठनों के साथ रणनीतिक साझेदारी, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाने, ग्लोबल इन्वेस्टमेंट, विदेशी प्लेसमेंट और प्रवासी लोगों के साथ मिलकर राज्य को विकसित बनाया जा रहा है। नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि हरियाणा राज्य एक्सपोर्ट प्रेपरेडनेस इंडेक्स में टॉप पोजीशन पर है। इसके अलावा, कंज्यूमर एक्सपेंडिचर एंड मॉडर्न रिटेल में 26 प्रतिशत भागीदारी के साथ देशभर में प्रथम स्थान पर है। इंक्रीमेंटल परफॉर्मन्स के लिए बनाई गई एजुकेशन –इंडेक्स में भी हरियाणा पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि प्रदेश सरकार जहां फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट को पूरी तरह से प्रमोट कर रही है वहीं कृषि, ऑटोमोबाइल, आईटी एंड ईएसडीएम, टैक्सटाइल एंड गारमेंट्स, फार्मेसिटिकल एंड केमिकल, लोजिसटिक्स, एजुकेशन तथा बिलडिंग कंस्ट्रक्शन मैटेरियल्स के क्षेत्र में सबसे अग्रणी राज्य है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने भी जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल को हरियाणा की विकासात्मक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि हरियाणा भारत की राजधानी नई दिल्ली को क्षेत्र के तीन तरफ से घेरे हुए है जिसका प्रदेश को विकास की राह में आगे बढ़ने में काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने केएमपी ग्लोबल कॉरिडोर , गुरुग्राम में प्रस्तावित ग्लोबल सिटी , नारनौल में बनने वाले मल्टी मॉडल लॉजिसटिक हब जैसे विभिन्न प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी दी।

परिश्रम की पराकाष्ठा ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान : धनखड़

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़/झज्जर। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने हसनपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम की पराकाष्ठा ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है। मेहनती कार्यकर्ताओं के दम पर ही केंद्र और हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने संकल्प पत्र को लागू करने का काम शुरू कर दिया है। सरकार बनते ही बिना पर्ची खर्ची के 24 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी देने का बड़ा काम किया है। झज्जर जिले में मेट्रो नेटवर्क विस्तारीकरण को हरी झंडी दे दी है। उन्होंने कहा कि दोगले चेहरे वालों से पार्टी कार्यकर्ता सावधान रहें।

धनखड़ ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने बहुत ही शानदार और जानदार ढंग से चुनाव लड़ा। भाजपा एंटी इनकम्बेंसी को प्रो इनकंबैंसी में बदलना जानती है। अपने इलाके में कांग्रेस ने एक परिवार के स्वार्थ के लिए भ्रम फैलाया। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ के आधार पर जनादेश लूटने का काम किया है। अब इन लोगों का समय चला गया है। अब झज्जर लोगों के किसी के पीछे चलने की जरूरत नही रही बल्कि आगे बढक़र चलने का समय आ गया है।

धनखड़ ने कहा कि पार्टी ने सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। झज्जर जिले के हर विधानसभा क्षेत्र में एक एक लाख कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य तय किया है। यानि जिला में चार लाख नये कार्यकर्ता बनाए जाएंगे। धनखड़ जी की आयु 63 वर्ष पूरी होने पर कार्यकर्ताओं ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि अगले चुनाव में भाजपा का लक्ष्य 63 प्रतिशत मत प्राप्त करना है। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मंच पर ही धनखड़ का जन्मदिन मनाया। संत समाज, क्षेत्र की सरदारी और अनेक गणमान्य लोगों ने धनखड़ को जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीर्घायु होने की कामना की।

परिश्रम की पराकाष्ठा के लिए धन्यवाद कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, जिला परिषद चेयरमैन एवं झज्जर से प्रत्याशी रहे कप्तान बिरधाना, बहादुरगढ़ से प्रत्याशी रहे दिनेश कौशिक, बेरी से प्रत्याशी रहे संजय कबलाना, प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष उषा प्रियदर्शिनी, महिला जिला अध्यक्ष सोमवती जाखड़, पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी, आनंद सागर, युवा नेता आदित्य धनखड़, बादली विधानसभा संयोजक विनोद भटेड़ा,हलके के सभी मंडल अध्यक्ष, शिक्षाविद्ध सोमवीर कोडान, गुरुकुल के आचार्य विजय पाल बिजेंद्र उर्फ काला सहित अनेक गणमान्य लोग और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सीवर और पानी की समस्या से जनता को आई परेशानी तो अधिकारी कार्यवाही के लिए रहे तैयार: मूलचंद शर्मा विधायक

नगर निगम और एफएमडीए के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न

विधानसभा चुनावों के दौरान शहर वासियों ने झेली है सीवर जाम की समस्याएं उनका जल्द करें समाधान

समाचार गेट/सुमित गोयल

बल्लबगढ़। मिनी सचिवालय में नगर निगम और एफएमडीए के अधिकारियों की समीक्षा बैठक बल्लभगढ़ से विधायक और पूर्व केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने ली। विधायक बनने के बाद पहली बार मिनी सचिवालय में यह बैठक ली गई है ।

विधायक मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों के साथ बल्लबगढ़ में सीवर,पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओ को लेकर फीड बैक लिया और चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को साफ शब्दों में कहा है कि अब चुनाव हो चुके हैं पूरे बहुमत से सरकार बन चुकी है इसलिए कोई बहाना नहीं चलेगा जनता के और भाजपा कार्यकर्ताओं के फोन उठाएं और उनकी समस्याओं को दूर करने का काम करें।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को बल्लबगढ़ विधानसभा में पानी की सप्लाई बढ़ाने जिसमें सेक्टर 23 ए,संजय कालोनी मुजेसर एरिया में पानी की सप्लाई बढ़ाने को लेकर नए ट्यूबल लगाने के निर्देश दिए हैं। विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि अगली गर्मियों से पहले बल्लभगढ़ विधानसभा की किसी भी कालोनी और सेक्टर में पीने के पानी की कोई परेशानी नहीं होगी सभी परिवारों को भरपूर पानी मिलेगा। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को भी कहा कि यदि उन्हें अपने से उच्च अधिकारियों से विकास कार्यों की फाइलों को लेकर कोई परेशानी है तो वह उस बात को मेरे साथ साझा करें ताकि चंडीगढ़ से समस्याओं को दूर कराया जा सके।

इस बारे में अधिकारियों ने आश्वासन देते हुए सीवर जाम और पानी की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही।

इस बैठक में बल्लबगढ़ के एसडीएम मयंक भारद्वाज, नगर निगम के जॉइंट कमिश्नर करण भदौरिया, एफएमडीए के चीफ इंजीनियर विशाल बंसल, अधीक्षक अभियंता बीडी बंकर, कार्यकारी अभियंता अंकित भारद्वाज, कार्यकारी अभियंता अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी और शहर के प्रमुख लोगो में प्रेम खट्टर प्रधान व्यापार मंडल, टिपरचंद शर्मा, राहुल गोयल, सुभाष लांबा, पारस जैन, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, महेश गोयल, महावीर सैनी, राकेश गुर्जर, बुद्धा सैनी, अनुराग गर्ग, दीपांशु अरोड़ा, विनोद गोवास्मी, जगत भूरा, योगेश शर्मा, नवीन चैची, जितेंद्र बंसल, संजय शर्मा, कौशल पंडित, सुषमा यादव, अमित सैनी सहित गणमान्य लोग मौजूद।

किसानों को एमएसपी और खाद देने में पूरी तरह नाकाम बीजेपी सरकार : हुड्डा

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। एकबार फिर बीजेपी सरकार किसानों को एमएसपी और खाद देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। क्योंकि मंडियों में धान की खरीद नहीं होने के चलते किसान एमएसपी से कम रेट में फसल बेचने को मजबूर हैं। जबकि बीजेपी ने चुनाव में किसानों को धान पर 3100 रुपये रेट देने का वादा किया था। लेकिन चुनाव में जीत के बाद हमेशा की तरह बीजेपी अपने वादे से मुकर गई। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा ने कहा कि अगली फसल की बिजाई के लिए सरकार द्वारा किसानों को डीएपी भी मुहैया नहीं करवाया जा रहा। खाद की सप्लाई नहीं होने के चलते किसानों को लंबी–लंबी कतारों में कई–कई दिन इंतजार करना पड़ रहा है। फिर भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही और उन्हें ब्लैक में खाद खरीदनी पड़ रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पूरे प्रदेश की मंडियां धान से अटी पड़ी हैं। किसानों को मजबूरन अपनी फसल सड़क पर डालनी पड़ रही है। खरीद के बाद सरकार द्वारा जानबूझकर उठान में भी देरी की जा रही है। अबतक 10 लाख मिट्रिक टन धान का उठान बाकी है। इसके चलते किसानों को भुगतान में भी देरी हो रही है। सरकारी अनदेखी के चलते किसानों को 3100 तो दूर एमएसपी से भी 200–400 रुपये कम रेट में फसल बेचनी पड़ रही है।

गरीबी रेखा में जी रहे 37 प्रतिशत लोग नशे का सेवन करते हैं: डॉ. अशोक वर्मा

तनाव और इंटरनेट का अत्याधिक प्रयोग है नशे का कारण : डॉ. अशोक कुमार वर्मा

समाचार गेट/ब्यूरो

मधुबन/करनाल। पुलिस शहीदों को याद करने के क्रम में आज हरियाणा पुलिस अकादमी की डॉ. भीमराव अंबेडकर रंगशाला में नशा उन्मूलन के लिए समाज में पुलिस की भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वक्ता हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ .अशोक कुमार वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों एवं स्टाफ को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक सर्वे के अनुसार भारत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले 37 प्रतिशत लोग नशे का सेवन करते हैं। मनोचिकित्सकों के अनुसार युवाओं में नशे की समस्या बहुत अधिक है। इसके पीछे के कारणों में जीवन शैली में परिवर्तन, परिवार का दबाव, तनाव, झगड़े, इंटरनेट का अत्यधिक उपयोग, एकाकी जीवन, परिवार से दूरी, परिवार में कलह, इच्छाओं की पूर्ति न होना और जीवन में असफलता आदि प्रमुख है। स्वतंत्रता के पश्चात देश में शराब की मांग 60 से 80 प्रतिशत बढ़ी है। यह और अधिक चिंता का विषय है। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों के बारें में विस्तार से जानकारी दी। भारत में एनडीपीएस एक्ट 1985 के अंतर्गत अफीम चरस हेरोइन, स्मैक, चिट्टा, गांजा आदि पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। जो व्यक्ति नशे के खिलाफ अभियान में भागीदारी करना चाहता है वह हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन 9050891508 पर गुप्त सूचना निर्भीकता से दें। सूचना नशे के पीड़ित और नशा तस्करों के बारें में दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है। यदि कोई व्यक्ति प्रतिबंधित नशे का अभ्यस्त हो चुका है और नशा छोडना चाहता है तो ऐसे व्यक्ति का निशुल्क उपचार संभव है। प्रत्येक ज़िले के सरकारी अस्पताल में नि:शुल्क नशा मुक्ति केंद्र संचालित है। ब्यूरो द्वारा अब तक 550 से अधिक लोगों को नशा मुक्त किया जा चुका है। उन्होंने कार्यक्रम में नशे के खिलाफ लडने. की शपथ भी ग्रहण करवाई। कार्यक्रम में अकादमी के पुलिस उप अधीक्षक श्री हरविन्द्र सिह्, रिजर्व निरिक्षक प्रवीन कुमार, पुलिस शिक्षण अनुभाग के प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश, प्रशिक्षणार्थी एवं स्टाफ कर्मचारी उपसथित रहे।

प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

सीएम शिकायत पोर्टल	181
विद्युत सेवा	1912
पशु सेवा	1962
पुलिस सेवा	112, 100
अग्नि सेवा	101
एमबुलैस सेवा	102
यातायात पुलिस	103
आपदा प्रबंधन	108
चाइल्ड लाइन	1098
रेलवे पूछताछ	139
भ्रष्टाचार विरोधी	1031
रेल दुर्घटना	1072
सड़क दुर्घटना	1073
सी एम सहायता लाइन	1076
क्राइम सटायर	1090
महिला सहायता लाइन	1091
पृथ्वी भूकम्प	1092
बाल शोषण सहायता	1098
किसान काल सेन्टर	1551
नागरिक काल सेन्टर	155300
ब्लड बैंक	9480044444

मधुमेह है डायबिटिक रेटिनोपैथी का मुख्य कारण

जीवनशैली से जुड़ी कई बीमारियां हमें अपनी चपेट में ले रही है। मधुमेह भी ऐसी ही एक बीमारी है, जो लोगों को अपने शिकंजे में ले रही है। हमारे हृदय और लीवर को मधुमेह के कारण कितना नुकसान पहुंचता है, यह तो हम अच्छी तरह जानते हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि हमारी आंखों की रोशनी के लिए भी कि मधुमेह उतना ही नुकसानदायक है। मधुमेह होने कि वजह से आंखों का एक गंभीर रोग पैदा हो सकता है, जिसे चिकत्सकों की भाषा में डायबिटिक रेटिनोपैथी कहा जाता है। डायबिटिक रेटिनोपैथी होने से अगर आंखों की दृष्टि चली गई तो उसे वापस नहीं लाया जा सकता है।

ऐसे होती है डायबिटिक रेटिनोपैथी



नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव जैन के अनुसार डायबिटिक रेटिनोपैथी एक हल्की बीमारी के रूप में शुरू होती है। बीमारी के शुरुआती चरण के दौरान रेटिना में छोटी रक्त वाहिकाएं कमजोर हो जाती हैं और यह छोटे बुल्गेस को विकसित करती है जिसे माइक्रोएनिअरीसम्स कहते है। इस बीमारी में रक्त में शुगर की मात्रा अधिक हो जाती है, जो आंखों सहित पूरे शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है। रक्त में मधुमेह अधिक बढ़ने से रेटिना में रक्त वाहिकाओं को नुकसान होता है, जिसके कारण डायबिटिक रेटिनोपैथी हो सकती है। इस बीमारी से रेटिना के ऊतकों में सूजन हो सकती है, जिससे दृष्टि धुंधली होती है। जिस व्यक्ति को लंबे समय से मधुमेह होता है, उसे डायबिटिक रेटिनोपैथी होने की संभावना उतनी ही अधिक हो जाती है। इतन ही नहीं डायबिटिक रेटिनोपैथी का इलाज नहीं कराने पर यह अंधेपन का कारण भी बन सकती है।

डायबिटिक रेटिनोपैथी के लक्षण

- आंखों का बार-बार संक्रमित होना।
- चश्मे के नंबर बार-बार बदलना।
- सुबह उठने के बाद कम दिखाई देना।
- सिर में हमेशा दर्द रहना।
- आंखों की रोशनी अचानक कम हो जाना।
- रंग को पहचानने में कठिनाई।

डायबिटिक रेटिनोपैथी का उपचार

डायबिटिक रेटिनोपैथी के रोगियों का इलाज कैसे किया जा सकता है, इस पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव जैन कहते हैं कि समस्या से निजात पाने के लिए लेजर उपचार का प्रयोग किया जाता है, इस उपचार विधि के दौरान रेटिना के पीछे की नई रक्त वाहिकाओं के विकास के इलाज के लिए और आंखों में रक्त और द्रव के रिसाव को रोकने के लिए किया जाता है। इलाज प्रक्रिया के दौरान आंखों को सुन्न करने और पुतलियों को बड़ा करने के लिए विशेष रूप की आई ड्रॉप डाली जाती है, इसके बाद आंखों का लेजर किरणों से इलाज किया जाता है। इलाज के दौरान लगभग 30.40 मिनट लगते हैं। इसमें आम तौर पर दृष्टि का धुंधला होना और प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता का बढ़ जाना जैसे कुछ दुष्प्रभाव हो सकते हैं। **इंजेक्शन से उपचार**: डायबिटिक रेटिनोपैथी से निजात पाने के दूसरे तरीके में आंखों में इंफ्लामेशन को कम करने या आंखों के पीछे नयी रक्त वाहिकाओं को बनने से रोकने के लिए आंखों में ल्यूसेंटिस, अवास्टिन जैसे इंजेक्शन लगाए जाते है। इंजेक्शन आम तौर पर एक महीने में एक बार लगाया जाता है और एक बार जब दृष्टि स्थिर हो जाती है तो इंजेक्शन लगाना बंद कर दिया जाता है। इलाज की इस विधि में जलन या बेचैनी आंखों के अंदर रक्तस्राव आंखों में खुजली, आंखों में कुछ तैरने या आंखों में कुछ होने का अहसास हो सकता हैं। **सर्जरी से उपचार**: लेजर और इंजेक्शन उपचकर की विधि से जब इलाज संभव नहीं होता है तो विट्रेक्टॅमी नामक सर्जरी से इलाज किया जाता है, जो इसके इलाज के लिए एक कारगर तरीका है।

डायबिटिक रेटिनोपैथी से ऐसे करें बचाव

आंखों पर मधुमेह के अधिक बढ़ने से प्रभाव शुरू हो जाता है, इसलिए इससे बचने का सबसे अच्छा तरीका है कि मधुमेह का पता लगते ही ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को बढ़ने से रोकें। इसके लिए डॉक्टर के बताए नुस्खों का पालन करें और दवाएं लेते रहें। इसके अलावा डायबिटीज होने पर आपको साल में एक-दो बार आंखों की जांच करानी चाहिए, जिससे आंखों पर अगर किसी तरह का प्रभाव शुरू हो जाए, तो उसका समय पर इलाज किया जा सके। आपको अगर डायबिटीज बहुत समय से हैं तो आपको हर 3 महीने में आंखों की जांच करानी चाहिए।

रेसिपी

वेजिटेबल फिंगर्स



सामग्री

- अरहर दाल: 1 कप
- लाल मिर्च- 2
- छोटा प्याज (छिला हुआ): 1 कप
- कटे हुए टमाटर: 2
- इमली का गूदा: 4 चम्मच
- सांबर पाउडर- 1 चम्मच
- नमक: स्वा के अनुसार
- सरसों: 1 चम्मच
- हींग: चुटकी भर
- करी पत्ता: 6
- बारीक कटी धनिया पत्ती: 4 चम्मच

विधि

अरहर दाल को धोकर दस मिनट के लिए भिगो दें। दाल को कुकर में दो कप पानी के साथ डालें और तीन से चार सीटी लगाएं। जब दाल पक जाए तो उसे अच्छी तरह से मैश कर दें। अब कुकर में टमाटर, इमली का गूदा, सांबर पाउडर, नमक और एक चौथाई कप पानी डालें। कुकर बंद करके दो सीटी लगाएं। अब दाल और इमली के मिश्रण को एक बड़े पैन में डालें और अच्छी तरह से मिलाएं। एक छोटे पैन में एक चम्मच तेल गर्म करें और छौंक की सभी सामग्री डालें। एक मिनट बाद इस छौंक को तैयार सांबर में डाल दें। अब सांबर वाले पैन को गैस पर चढ़ाएं। एक उबाल आने के बाद आंच धीमी कर दें और मध्यम आंच पर पांच मिनट तक उबालें। अगर सांबर गाड़ा है तो उसमें थोड़ा-सा पानी मिलाएं और उबालें। नमक चख लें। धनिया पत्ती से गार्निश करें और सर्व करें।

आलू कुल्चा

सामग्री

- मैदा: 2 कप
- चीनी: 1 चम्मच
- बेकिंग सोडा: 1/4 चम्मच
- गाढ़ा दही: 1/4 कप
- तेल: 2 चम्मच
- गुनगुना पानी: गूंदने के लिए

भरावन के लिए
- उबले आलू: 2
- कटी मिर्च: 1
- कश्मीरी लाल मिर्च: 1/2 चम्मच
- गरम मसाला: 1/4 चम्मच
- अदरक: 1 चम्मच
- अमचूर: 1/4 चम्मच
- अजवाइन: 1/4 चम्मच
- नमक: स्वादानुसार
- काले तिल: 2 चम्मच
- हरा धनिया चम्मच
- बेकिंग पाउडर: 1 चम्मच
- बटर- 2 चम्मच

विधि

मैदा, चीनी, बेकिंग पाउडर, बेकिंग सोडा, नमक और दही को एक बरतन में डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। गुनगुने पानी की मदद से मैदा को गूंद लें। गीले सूती कपड़े से ढककर दो घंटे के लिए छोड़ दें। एक बाउल में मैश किया आलू और भरावन की सभी साम्रगी डालें और अच्छी तरह से मिलाएं। गूंदे हुए मैदे से लोई काटें। उसके बीच में हल्का गड्ढा-सा करें और उसमें थोड़ा-सा आलू वाला मिश्रण डालें। लोई को सील करें। लोई के ऊपर थोड़ा-सा तिल और धनिया पत्ती डालें और हल्के हाथों से लोई को अंडाकार आकार में बेल लें। तवा गर्म करें। कुल्चे में एक ओर से ब्रश की मदद से पानी लगाएं और कुल्चे को गर्म तवे में चिपका दें। एक मिनट बाद तवा को पलट दें और कुल्चे को सीधे आग से सुनहरा होने तक पकाएं। कुल्चे के ऊपर हल्का-सा बटर लगाएं और सर्व करें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभांक-3-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-5-6-9

मिथुन (का की कू घ ड छ के को हा)
व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। आत्मचिंतन करें। शुभांक-4-6-8

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

काकुरो पहेली - 3331



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 3330 का हल



लॉफिंग ज़ोन

एक बार में थर्टी फर्स्ट की पार्टी मना रहे युवक-युवतियों का ध्यान अचानक बोर्ड पर गया, जिसमें लिखा था 'यहाँ देर रात तक नहीं चलेगी पार्टियाँ।'

उनमें से एक युवक ने घड़ी देखी और घबराया हुआ मेन गेट पर आकर झाँकने लगा।

तभी पास ही गश्त लगा रहे पुलिस वाले ने कहा- तुम्हारे पास अब सिर्फ चार ही मिनट बचे है। यहाँ से जल्दी भागो वर्ना अंदर कर दूँगा।

□ □ □

प्रेमिका से मिलने गया प्रेमी बोला- अभी तुमसे मिलने आते समय रास्ते में किसी ने मेरी जेब ही काट ली?

प्रेमिका- तो तुमने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज की?

प्रेमी नहीं- ...जैसे ही मैंने कटी हुई जेब देखी, फौरन पास वाले दर्जी से सिलवा ली।

□ □ □

अपने दोस्तों के साथ ताश खेल रहा क्रोधित पति (पत्नी से)- युधिष्ठिर भी तो जुआ खेलते थे, फिर तुम मुझे क्यों रोकती हो?

पत्नी इतराकर बोली- कभी नहीं रोकूँगी! खूब खेलो जुआ, लेकिन इस बात को याद रखना की द्रौपदी के पाँच पति थे।

फिल्म वर्ग पहेली- 3331



बायें से दायें:-

१. संजीव कुमार, वहीदा रहमान की 'ऐ मेरी आँखों के पहले सपने' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'चलो एक बार फिर से अजनबी बन जायें' गीत वाली फिल्म-४
६. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
८. 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
१०. जीतेंद्र, आदित्य, संगीता की १९९३ की एक फिल्म-५
१३. ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१४. 'किसी को किसी' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता की फिल्म-३
१६. शाहरूख, पूजा भट्ट, रम्या की फिल्म-३
१९. विवाह से पूर्व टीना अंबानी का सरनेम क्या था-३
२१. अमोल, जरीना की 'दो दीवाने शहर में' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'सरकाय लेओ' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
२४. अनिल कपूर, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२६. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२
२७. संजय दत्त, कुमार गौरव, पूनम की 'तेरे दिल की तू' गीतवाली फिल्म-२
२९. 'मैं लव तुम से' गीत वाली तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
३१. सुनील दत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला तेरी राह तके ब्रजबाला' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली राज बब्बर, राखी, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
३३. धर्मेंद्र, हेमा मालिनी की 'ओ ऐसी कोई बात' गीत वाली फिल्म-१

ऊपर से नीचे:-

१. दिलीप कुमार, वैजयंती की फिल्म-४
२. 'मेरो गाम काथा पारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली फिल्म-२
४. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'रूठ कर हम उन्हें भूल जाने लगे' गीत वाली फिल्म-३
५. फिल्म 'आज का अर्जुन' में 'लक्ष्मी' की भूमिका किस अभिनेत्री ने की थी-३
७. राजेंद्र कुमार, माला सिन्हा की फिल्म-२
९. 'मेरे चेहरे पे' गीत वाली फिल्म-३
११. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१२. अमोल, राखी की 'जो राह चुनी तूने राही' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'कभी खुशियों की सरगम' गीत वाली अमिताभ, अरबाज, डिम्पल की फिल्म-४
१६. वी. शांताराम की प्रेमकुमार, मास्टर सुशांत, रंजना, गौरी कामथ अभिनीत फिल्म-२
१७. 'प्यार कर इकरार कर' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय, अमीषा की फिल्म-४
१८. अक्षय कमार, प्रीति जिंटा की फिल्म-३
१९. 'लल्ला लल्ला लोरी दूध की' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने निभाई है-३
२३. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२५. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
२६. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो अक्सर याद आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेई, उर्मिला मातोंडकर अभिनीत रामगोपाल वर्मा की एक सस्पेंस फिल्म-३
३०. 'माई हार्ट इज बीटिंग गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3330

क्या	क	ह	ना	■	जं	ग	■	मि	■
■	सु	■	ग	जा	जी	■	हे	ल	न
अ	र	बा	ज	■	र	ह	मा	न	■
भि	■	गी	■	अ	■	व	■	■	चा
मा	ला	■	दे	व	■	स	सु	ग	ल
न	■	डॉ	■	ता	ल	■	हा	■	बा
■	जा	न	व	र	■	र	ग	बा	ज
दि	ल	■	र	■	गैं	ग	■	जी	■
ल	■	अं	दा	ज	■	■	सं	ग	म
गी	त	■	न	■	कां	टे	■	र	■

सूडोकु -3331

	8	5						
3								
			6			7	4	
6			2		4			
1								8
			7		5			3
	4	7			1			
								6
						5	2	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3330 का हल

4	3	9	2	6	8	5	1	7
8	1	6	7	4	5	9	2	3
7	5	2	3	9	1	6	4	8
1	7	5	4	2	6	8	3	9
6	4	3	8	5	9	2	7	1
2	9	8	1	7	3	4	5	6
5	2	1	6	8	7	3	9	4
9	8	7	5	3	4	1	6	2
3	6	4	9	1	2	7	8	5

शब्द पहेली - 3331



बाएँ से दाएँ

1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

ऊपर से नीचे

2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

शब्द पहेली -3330 का हल

अ	मा	न	त	■	अ	■	बी	र	ब	ल
■	ला	■	वा	■	म	हि	मा	■	ल	व
म	■	■	य	की	न	■	र	■	■	कु
त	क	ली	फ	■	चै	त्र	■	क	ल	श
वा	■	ड	■	रा	न	■	गै	■	ह	■
ला	प	र	वा	ह	■	का	र	गु	जा	री
■	र	■	दा	■	अ	स्त	■	मा	■	मा
प्र	ख	र	■	पा	प	■	म	न	च	ला
जा	■	■	शा	■	ह	न	न	■	■	गू
प	र	■	पि	ह	र	■	ह	■	शा	■
ति	जा	र	त	■	ण	■	र	ह	म	त

रतन इंस्टीच्यूट टैक्नोलॉजी में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। रतन इंसटिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मनेजमेंट, सेवली, पलवल के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एआईसीटीई अटल प्रायोजित एडवांसिंग इन फैकल्टी सकिल्स इन इलेक्ट्रिकल व्हीकल एजुकेशन पर एक सप्ताह का फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन किया गया। कॉलेज के चेयरमैन यशवीर डागर ने एफडीपी टीम को बधाई दी। विदाई सत्र मे गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धरम कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ नरेश कुमार और डॉ रमन कुमार सैनी उपस्थित रहे । आज के मुख्य वक्ता डॉ मुमताज़ अहमद खान, प्रोफेसर जामिया मिलिया इस्लामिया से रहे। 14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर के फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में विभिन संस्थानों के एक्सपर्ट्स डॉ मुर्खतियार सिंह, डॉ परस राम शर्मा, डॉ प्रदीप कुमार डिमरी, डॉ मनीष सैनी ,और डॉ आसिष श्रीवास्तव के दवारा इलेक्ट्रिकल व्हीकल की कार्य शैली और उसमे लगने वाली बैटरी की क्षमता आदि के बारे बताया गया। डायरेक्टर डॉ श्याम सुंदर कौशिक और ऐफडीपी के कोऑर्डिनेटर डॉ रविंदर कुमार ने सभी प्रतिभागिओ को ऐफडीपी मे उपस्थित रहने पर धन्यवाद कहा।

पटाखों के अवैध कारोबार करने वालों की खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई: जिलाधीश विक्रम

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन फरीदाबाद जिला में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर पूर्ण रूप से सतर्क है। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में जिला में पर्यावरण के लिए घातक बेरियम साल्ट वाले पटाखे बेचने व प्रयोग करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला में किसी को भी सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी के आदेशों की जिला में अवहेलना नहीं करने दी जाएगी। त्योहारों पर केवल लाइसेंस लेकर हरित पटाखे (ग्रीन पटाखे) बेचने व प्रयोग करने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया की गत रात्रि प्रशासन को मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-88 के आरपीएस सिटी स्थित गोदाम से करीब 92 किलो अवैध पटाखे जब्त किए गए हैं। जिस पर मिली जानकारी को संज्ञान में लेते हुए हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड छ्श्श्श प्रदीप कुमार ने द्वारका फायर वर्क्स के गोदाम में रखे पटाखों को चेक किया व पटाखों के GREEN CERTIFICATE चेक किए जो GREEN FIRE CRACKERS की केटगरी में नहीं आते। गोदाम मालिक उसे अवैध तरीके से बेचने के फिराक में थे। जब्त पटाखों पर गोदाम मालिक ने ग्रीन पटाखा का लेवल लगा रखा था। जांच के दौरान पाया गया कि जब्त पटाखा अवैध है। लोगों और जिला प्रशासन को धोखा देने के लिए गोदाम संचालक अवैध पटाखों पर ग्रीन का लेवल लगा रखा था। साथ ही उसे ग्रीन पटाखे की आड़ में ऊंचे दर पर बेचने की योजना थी। जिस पर /S 223A, 288 BNS 2023 वा 5/9B EXPLOSIVE ACT के तहत एफआईआर दर्ज की गयी। बीपीटीपी थाना की पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

टूट गया लाखों लोगों का सपना फरीदाबाद से गुड़गांव नहीं चलेगी मेट्रो : नीरज शर्मा

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। एनआईटी क्षेत्र से पूर्व विधायक नीरज शर्मा का कहना है कि इस भ्रष्ट सरकार ने फरीदाबाद के लाखों युवाओं के सपने को चकनाचूर करने का काम किया। इस ईवीएम की सरकार ने बनते ही सबसे पहले मेट्रो के माध्यम फरीदाबाद से गुरुग्राम को जोड़े जाने वाले सपने को तोडक़र रख दिया। पूर्व विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि मैंने पहले ही कहा था कि अगर हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी ओर नीरज शर्मा विधायक बनेगा तो जरूर प्याली चौक पर मेट्रो स्टेशन बनेगा। लेकिन इस सरकार ने प्याली पर मेट्रो स्टेशन तो छोड़ो फरीदाबाद से गुरुग्राम मेट्रो के सपने को तोडक़र रख दिया। यहां जारी प्रेस बयान में पूर्व विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि मार्च 2022 के विधानसभा सत्र में तत्कालीन मुख्यमंत्री से प्रश्न किया था कि क्या यह तथ्य है फरीदाबाद तथा गुरुग्राम को मेट्रो के माध्यम से जोड़ा जा रहा है तथा क्या प्याली चौक पर मेट्रो स्टेशन निर्मित किये जाने की संभावना है तथा मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य कबतक आरंभ/पूरा किये जाने की संभावना है तथा उक्त कार्य के लिए बजट में सरकार द्वारा क्या प्रावधान किया गया है। जिसपर मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि हाँ, फरीदाबाद और गुरुग्राम को मेट्रो के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। इस मार्ग पर प्रस्तावित मेट्रो स्टेशनों में से प्याली चौक पर मेट्रो स्टेशन है। खा) परियोजना की अंतिम विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है। जब भी डीपीआर तैयार हो जाएगी, उसे मंत्रिपरिषद, हरियाणा के समक्ष रखा जाएगा। मंत्रिपरिषद के अनुमोदन पश्चात डीपीआर को अनुमोदन के लिए आवासन एंव शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार को भेजा जाएगा। इसलिए इस स्तर पर स्टेशन के शुरू करने और पूरा करने और सरकार द्वारा उक्त कार्य के लिए बजट में प्रावधान की सटीक जानकारी नहीं दी जा सकती है। पूर्व विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि सरकार जनता को स्पष्ट कर की कब डीपीआर बनकर तैयार हुई और कोनसी कैबिनेट में यह निर्णय हुआ कि फरीदाबाद से गुरुग्राम को मेट्रो से नही जोड़ा जाएगा।

आरआरटीएस के जरिये होगी गुरूग्राम और फरीदाबाद की बेहतर कनेक्टिविटी : राजीव जेटली

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव जेटली ने कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पार्टी को पूरी तरह नकार दिया है लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस के नेताओं ने दुष्प्रचार और लोगों को बरगलाने की राजनीति करना बंद नहीं किया है। कांग्रेस के नेता दुष्प्रचार कर रहे हैं कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने फरीदाबाद और गुरूग्राम को जोडऩे वाली मेट्रो रेल परिजनों को रद्द कर दिया है। जबकि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। प्रदेश सरकार ने फरीदाबाद और गुरूग्राम को जोडऩे के लिए मेट्रो से बेहतर आरआरटीएस (रीजनल रेपिड ट्रांजिट व्यवस्था) शुरू करने का फैसला लिया है। राजीव जेटली ने कहा कि फरीदाबाद और गुरूग्राम के बीच काफी बड़ा वन क्षेत्र आता है। इसलिए मेट्रो की बजाए आरआरटीएस शुरू की जा रही है। जिसके तहत कम स्टेशन बनाए जाएंगे। जिससे लोग तीव्र गति से गुरूग्राम आ और जा सकेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल से उनके निर्माण भवन स्थित दफ्तर में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर इस परियोजना को अमलीजामा पहना दिया है।

हमारे पूरे परिवार को श्री गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त है : राजेश नागर

राज्य मंत्री बनने के बाद श्री सिद्धदाता आश्रम पहुंचे राजेश नागर ने गुरु महाराज से लिया आशीर्वाद

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। हरियाणा सरकार के नवनिर्वाचित खाद्य एवं आपूर्ति राज्यमंत्री राजेश नागर ने श्री सिद्धदाता आश्रम में माथा टेककर गुरु महाराज स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि उनके पूरे परिवार पर शिष्ट आश्रम एवं श्री गुरु महाराज का पूरा आशीर्वाद है उनका पूरा परिवार आश्रम से जुड़ा हुआ है और हम निरंतर यहां पर आते हैं और हमारी मनोकामना यहां पर शीघ्र ही सुनी जाती हैं हम यहां आकर ऐसी मोर्चा एवं शांति का अनुभव करते हैं जिससे कि मैं जन सेवा को और बेहतर तरीके से कर पाता हूं उन्होंने कहा कि मैं जब भी यहां पर आया मुझे एक नया लक्ष्य मजबूती के साथ प्राप्त हुआ और पार्टी नेतृत्व के आशीर्वाद से आज मैं जनसेवा को और मजबूती से कर रहा हूं। नागर ने आश्रम के अधिपति अनंतश्री विभूषित इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह और उनका परिवार सिद्धदाता आश्रम वर्षों से आ रहे हैं और इसका उनके जीवन में हमेशा सकारात्मक प्रभाव दिखाई देता है। उन्होंने श्री गुरु महाराज से कहा कि वह ऐसा आशीर्वाद दें कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र और प्रदेश के नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में और अधिक ऊर्जा के साथ काम कर सकें। स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने भी राजेश नागर व अन्य को आशीर्वाद एवं स्मृति चिह्न दिया और जनता की सेवा करने के लिए निरन्तर प्रयास करने की बात कही। उन्होंने कहा कि चुनाव होने तक राजनीतिक मतभेद होते हैं लेकिन चुनाव में निर्वाचित होने के बाद आप सभी के प्रतिनिधि हैं। इसलिए सभी के साथ समभाव रखें। उन्होंने कहा कि आपके पास बड़ी जिम्मेदारी राज्य की सरकार में मिली है। इसलिए आपको प्रयास भी अधिक करने होंगे। भगवान आप पर अवश्य ही कृपा करेंगे।

तस्वीरों की जुबानी

आज अर्बन लोकल बॉडी विभाग के आयुक्त व सचिव विकास गुप्ता (IAS) तथा हरियाणा सचिवालय में नागरिक उड्डयन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल (IAS) ने कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विभागीय कार्यों पर भी चर्चा हुई। फोटो– समाचार गेट/संजय शर्मा

पृथला क्षेत्र में भ्रष्टाचार व कार्य में कोताही कतई बर्दाश्त नहीं : रघुबीर तेवतिया

विधायक की अधिकारियों को दो टूक, ईमानदारी से कार्य कर समानता को दें महत्व अन्यथा विधानसभा में उठाऐंगे मुद्दे

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र के नव-निर्वाचित विधायक रघुबीर तेवतिया ने कहा है कि क्षेत्र में भ्रष्टाचार व कार्य में कोताही कतई बार्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह जनता के हितों पर कुठाराघात नहीं होने देंगे और जनहित के विरोध में होने वाले कार्यों के खिलाफ विधानसभा में मतबूत ढ़ंग से आवाज आठाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से पक्षपात और सत्ता-विपक्ष की बात छोड समानता के आधार पर कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा है कि मैने हमेशा राजनीति को समाजसेवा के रूप में इस्तेमाल किया है और वह ऐसे सभी अधिकारियों का सहयोग करेंगे जो पृथला क्षेत्र में समानता और ईमानदारी को महत्व देंगे।

साथ ही उन्होंने विकास कार्यो के लिए नियुक्त ठेकेदारों को सख्त हिदायत दी है कि वह ईमानदारी से अपने कार्य का निर्वहण करें, कार्य में लेट लतीफी, घटिया सामग्री व भ्रष्टाचार को वह कतई बर्दास्त नहीं करेंगे। क्योंकि क्षेत्र की जनता ने उन्हें विधायक चुनकर भेजा है ऐसे में वह जनता के हितों से खिलवाड नहीं होने देंगे और मौक पर जाकर स्वयं कार्यो का निरीक्षण भी करेंगे तथा अगर कार्य में किसी भी प्रकार की मिलावट व शिकायत मिलती है तो वह इसकी जांच विजिलेंस से कराने की सिफारिश भी करेंगे।

विधायक रघुबीर तेवतिया बल्लभगढ़ ब्लॉक पंचायत समिति की बैठक में भाग लेने के उपरांत अधिकारियों से बैठक कर रहे थे। बैठक में बीडीपीओ पूजा सहित ब्लॉक के अधिकारी मौजूद थे। विधायक रघुबीर तेवतिया ने पिछले दिनों क्षेत्र के कांग्रेस समर्थक सरपंचों को बीडीपीओ द्वारा जारी किए गए नोटिस पर भी कडा संज्ञान लेते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता ने रघुबीर तेवतिया को विधायक चुना है और आप जनता द्वारा नकारे गए नेता के कहने पर भेदभाव की नीति अपना रहे हो जो बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा सकारात्मक राजनीति का समर्थन किया है और वह चाहते हैं कि क्षेत्र में बगैर भेदभाव के सभी जिला पार्षद, ब्लॉक समिति व सरपंचों को समानता के आधार पर ग्रांट बांटी जाए जिससे कि समस्त पृथला क्षेत्र का समानता से विकास किया जा सके। उन्होंने कहा कि एक ओर तो भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास का दावा करती है जबकि ब्लॉक समिति की बैठक में पक्षपातपूर्ण ग्रांट बांटने का मामला सामने आया है। उन्होंने कहा कि बैठक में अटाली के 2 ब्लॉक सदस्यों ने समान रूप से ग्रांट बंटवारा नहीं हाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बडीपीओ ने आश्वासन दिया है कि ब्लॉक के लिए आई 5 करोड 24 लाख रूपये की राशी को ब्लॉक के सभी 28 सदस्यों को समानता से बांटी जाएगी वहीं पांच-पांच हैंड पम्प लगाने का भी आश्वासन दिया है। विधायक रघुबीर तेवतिया ने इस मौके पर अधिकारियों को जनता के हित में कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि वह ईमानदारी व विकास परख सोच का साथ देंगे वहीं जनहित पर कुठाराघात कतई सहन नहीं किया जाएगा।

महिला नर्स ने सरकारी डॉक्टर पर लगाए छेड़छाड़ के आरोप, पुलिस को दी शिकायत

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। बुधवार को एक महिला नर्स ने अपने साथी डॉक्टर पर छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। महिला नर्स ने पहले भी इस डॉक्टर के खिलाफ तावडू थाने में शिकायत दी हुई थी ,लेकिन अभी तक उसके खिलाफ कोई कार्रवाई न होने से आज फिर मांडी खेड़ा के सरकारी अस्पताल में एक जांच में आई महिला नर्स के खिलाफ उक्त डाक्टर द्वारा एक बार फिर छेड़खानी करते हुए अप शब्द बोलते हुए जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। महिला नर्स ने उक्त घटना के बाद मांडी खेड़ा हॉसपिटल से 112 नंबर पुलिस को फोन कर मौके पर पुलिस बुलाई और पुलिस के साथ नगीना थाने में पहुंची। जहां पर महिला नर्स ने थाने में शिकायत देते हुए आरोपी डॉक्टर अमित कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महिला नर्स ने बताया कि वह पिछले काफी समय से तावडू खंड के मोहम्मदपुर गांव की पीएचसी में कार्यरत है। वहां पर कार्यरत डॉक्टर अमित कुमार पिछले काफी समय से उनके साथ बदतमीजी व छेड़खानी कर रहा है और उन्होंने जब उसके खिलाफ शिकायत दी तो उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। उनकी शिकायत पर उसकी विभागीय जांच चल रही है और उन्होंने तावडू थाने में भी उनके खिलाफ शिकायत दी हुई है। लेकिन अभी तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। महिला नर्स ने बताया कि बुधवार को वह एक जांच के दौरान मांडी खेड़ा आई हुई थी और यहां पर उक्त डॉक्टर अमित कुमार भी आया हुआ था। लेकिन उन्होंने मौका मिलते ही उनसे बदतमीजी कर छेड़खानी करने के साथ-साथ उन्हें जान से मारने की धमकी दी और उन्हें काफी अप शब्द बोले। महिला ने बताया कि उन्होंने तुरंत 112 नंबर पुलिस को फोन कर मौके पर पुलिस को बुलाया, जहां पर पुलिस उन्हें थाने ले गई। महिला ने बताया कि डॉ अमित कुमार एक बदतमीज किस्म का व्यक्ति है जो बार-बार उन्हें टॉर्चर कर रहा है। महिला ने पुलिस में दी गई शिकायत में कहा कि डॉक्टर अमित कुमार ने उनके साथ बदतमीजी और छेड़खानी करने के साथ-साथ जान से मारने की धमकी दी है। इसलिए उनके खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाया जाए। जब इस बारे में जांच अधिकारी सरोज से बात की तो उन्होंने बताया कि महिला नर्स द्वारा थाने में शिकायत मिल गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पिनगवां में डिलीवरी के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप, महिला की मौत

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। जिले के पिनगवां कस्बे की एक निजी जच्चा-बच्चा क्लीनिक पर डिलीवरी के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगा है। आरोप है कि निजी क्लीनिक संचालक द्वारा गर्भवति महिला के शरीर में कम खून होने पर डिलीवरी कराई गई। जिससे डिलीवरी के बाद महिला की हालत गंभीर हो गई। बिगड़ते हुए केस को निजी संचालक ने नलहड़ के लिए रेफर कर दिया, जहां पर इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। इससे पहले भी अन्य निजी क्लीनिकों पर गर्भवति महिलाओं की मौत के मामले सामने आए हैं। जिन्हें पीड़ति परिवारों से सांठगांठ करके दबाया गया है। पिनगवां निवासी रिजवान ने शिकायत में बताया कि दो दिन पहले वह अपनी चचेरी बहन अरशीदा पत्नी तौफीक निवासी बंदरबास को अकबरपुर रोड़ स्थित निजी क्लीनिक पर डिलीवरी कराने के लिए लेकर गए थे। उनका आरोप है कि वहां के संचालक ने डिलीवरी से पहले अरशीदा की खून जांच कराई जिसमें 6.8 ग्राम खून पाया गया। जब परिजनों ने कहा कि कम खून है कोई खतरा तो नहीं है तो संचालक ने कहा कि इससे कम खून में भी हम डिलीवरी करा देते हैं घबराने की जरूरत नहीं है। मृतक महिला के परिजनों ने आरोप लगाया कि डिलीवरी के बाद महिला की हालत बिगडने.लगी, जिसे निजी क्लीनिक से नलहड़ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जहां पर अरशीदा की मौत हो गई।

एसएमओ पर मिलीभगत का आरोप : कस्बा पिनगवां और आसपास के ग्रामीणों ने पिनगवां में चल रहे अवैध जच्चा-बच्चा केन्द्रों लेकर कहा कि पिनगवां में जितने भी अवैध जच्चा-बच्चा केंद्र चल रहे हैं,वो सब पिनगवां सीएचसी के एस एम ओ की मिली भगत से चल रहे हैं। पिनगवां में भारी संख्या में ऐसे अवैध जच्चा-बच्चा केंद्र और झोलाछाप डॉक्टर है जिनके पास कोई डिग्री नहीं है और ना ही कोई सर्टिफिकेट है। जिससे इनके द्वारा किए गए ईलाज के दौरान कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। लेकिन फिर भी इनके खिलाफ पिनगवां में एस एम ओ के बैठते हुए कोई कार्रवाई नहीं होती।

जिला सिविल सर्जन सरबजीत थापर का कहना है कि टीम गठित कर इस मामले की जांच कराई जाएगी। कम खून में डिलीवरी करने पर खतरा होता है। निजी संचालक के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अगर एसएमओ की मिलीभगत इन जच्चा-बच्चा केन्द्रों को चलवाने में पाई जाती है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

आई.एल.आर. जसाना में निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। इंसटिट्यूट ऑफ़ लॉ रिसर्च, जसाना, फरीदाबाद में निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ जांच शिविर का सफल आयोजन, इंसटिट्यूट की एनएसएस यूनिट द्वारा यूनिट की संयोजक डॉ सोनिया विज द्वारा कराया गया। इस शिविर में क्लोव डेंटल के डॉ सनिका, असिफुल, यशी अपोलो हॉसपिटल के डॉ सृष्टा, जनरल फिजिशियन व सेंटर फॉर साईट से डॉक्टर मनीष आदि ने संस्थान के प्राध्यापकों ,स्टॉप, छात्र- छात्राओं का विधिवत हेल्थ चेकअप किया। इसमें उनका बीपी, शुगर, दांत की समस्याओं व आँखों की जांच की गयी, लगभग 250 लोगों ने इसमें जांच कराई व जांच शिविर का लाभ उठाया। चिकित्सा शिविर के संचालन में सुमित पांडेय, शैलेन्द्र आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

संपादकीय

गांदरबल: लोकतंत्र को दहलाने की साजिश

नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में 20 अक्टूबर रविवार रात को आतंकवादियों ने जिस तरह टारगेट किलिंग से एक कंस्ट्रक्शन प्रॉजेक्ट में काम कर रहे लोगों को निशाना बनाया, वह कई लिहाज से गंभीर, चिन्ताजनक एवं चुनौतीपूर्ण घटना है। यह आतंक का अंधेरा फैलाने एवं अमन के उजाले को लीलने की गहरी साजिश है। यह जहां आतंकवादियों की बौखलाहट की निष्पत्ति है वहीं उनकी बदली प्राथमिकताओं की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। राज्य में टारगेट किलिंग की यह कोई नई घटना नहीं है बल्कि हाल ही के वर्षों में सुरक्षा बलों के कैम्पों से लेकर प्रवासी मजदूरों के घरों एवं कश्मीरी पंडितों पर ऐसे टारगेट किलिंग हमले होते रहे हैं जिसके पीछे आतंकी संगठनों की हताशा ही दिखाई देती है। टारगेट किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति एवं आतंक फैलाने की नई साजिश है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से ही टारगेट किलिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2022 और 2023 में आतंकियों ने न केवल कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया बल्कि प्रवासी मजदूरों की भी लक्षित हत्याएं की। चुनाव में बाधा डालने के उनके तमाम प्रयास निष्फल हो जाने, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक होने और इनमें लोगों की भागीदारी के भी रेकॉर्ड बनने से आतंकवादी हताश एवं निराश हो गये। पाकिस्तान बौखला गया। अब आतंकी तत्वों ने जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गठित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसंभव प्रयास करते रहेंगे, अशांति एवं आतंक फैलाते रहेंगे। लेकिन इन चुनौतियों को निस्तेज करने के लिये प्रांत एवं केन्द्र सरकार को कमर कसनी होगी। सुरक्षा बलों को नये तेवर दिखाने होंगे।

लक्षित हत्याएं न केवल पीड़ितों और उनके परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति को बढ़ावा देने के प्रयासों को भी गहरा झटका देती हैं। ये हत्याएं न केवल जम्मू-कश्मीर के समाज के विविध ताने-बाने को कमजोर करती हैं, बल्कि घाटी में रहने वाले गैर-स्थानीय और अल्पसंख्यक समुदायों में असुरक्षा भी पैदा करती हैं। ये हत्याएं विकास को अवरूद्ध करती है, बल्कि उद्योग, व्यापार, पर्यटन एवं सौहार्द को भी खण्डित करती है। सुरक्षा बलों पर विभाजनकारी एवं आतंकी ताकतों के खिलाफ अपना दृढ़ रुख बनाए रखने का दायित्व है, जिसे संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करने में स्थानीय लोगों के सक्रिय सहयोग से बल मिलता है। जबकि घाटी में शांति ने प्रगति की है, इस नाजुक संतुलन को बाधित करने के किसी भी प्रयास का सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों, दोनों द्वारा कड़ा विरोध किया जाना चाहिए।

कश्मीर में लम्बे समय से अमनचैन एवं शांति के साथ विकास की गंगा प्रवहमान रही है। सुरक्षा बलों की सतर्कता से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में आई कमी और आम जनजीवन पर उनके घटते असर से चिंतित आतंकी आकाओं ने आम चुनावों के दरम्यान अपनी सक्रियता बढ़ा दी, लेकिन वे कुछ कर नहीं पाये। अब मौका मिलते ही उन्होंने ऐसे इलाकों को चुना है जहां सुरक्षा बलों की तैनाती कम और मुश्किल थी। टारगेटेड अटैक के जरिए बाहरी लोगों को निशाना बनाया गया ताकि उनमें घबराहट फैले, अफरा-तफरी मचे और पर्यटकों का आना कम हो। इसीलिये आतंकियों ने इस बार हमले के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच बनाई जा रही जेड-मोड टनल का काम कर रहे लोगों को चुना गया। यह टनल न केवल जम्मू-कश्मीर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि रणनीतिक तौर पर भी खासी अहमियत रखती है। इसके निर्माण से श्रीनगर और करगिल के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा और श्रीनगर व लेह के बीच की यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाएगा। यही नहीं, इस टनल के जरिए पर्यटकों के पसंदीदा शहर सोनमर्ग की हर मौसम में सुविधाजनक पहुंच भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

गांदरबल का हमला आतंकियों की एक बड़ी सफलता है, कश्मीर में आतंक-अशांति फैलाने और विकास की गति को अवरूद्ध करने की साजिश है। जाहिर है, पाकिस्तानी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्वों ने इस एक हमले के जरिए कई उद्देश्य पूरे करने की कोशिश की है। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार गठन के बाद पाकिस्तान के इशारे पर कश्मीर घाटी में एक बड़ी आतंकी घटना को सफलतापूर्वक अंजाम दे दिया जाना हमारे लिये चिन्ता के साथ चेतावनी भी है। यह घटना चेता भी रही है कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के निर्वाचन क्षेत्र गांदरबल में केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे टनल प्रोजेक्ट में कार्यरत सात प्रवासी श्रमिकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी। मृतकों में एक स्थानीय डॉक्टर भी शामिल था। मरने वालों में पंजाब, बिहार और कठुआ के रहने वाले मजदूर शामिल हैं। कई श्रमिकों के घायल होने की खबर है जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। ये सभी श्रमिक काम खत्म करने के बाद मेस में खाना खाने बैठे थे। तभी आतंकवादियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया। निश्चितरूप से यह आतंकवादियों की कायराना एवं शर्मनाक करतूत है। इस घटना से चार दिन पहले शोपियां में बिहार के एक मजदूर की हत्या कर दी थी। ये हत्याएं आतंकवाद की अंधाधुंध हिंसक एवं आतंकी प्रकृति को उजागर करती हैं जो अपने रास्ते में किसी को भी नहीं छोड़ते। निर्दोष नागरिकों की बेवजह हत्या किसी एक परिवार के किसी प्रियजन को ही नहीं छीनता बल्कि उन लोगों में भी खौफ पैदा करता है जो आतंकवाद की छाया में भी रोजी-रोटी कमाने के लिए जम्मू-कश्मीर में मजदूरी करते हैं।

क्या नई सरकार का गठन आतंकवादियों के लिये सहूलियत भरा है? ऐसा है तो इसके सन्देश को समझना होगा। स्वयं उमर अब्दुल्ला सरकार एवं नेशनल कांफ्रेन्स को इसे गलत साबित करते हुए आतंकवादियों के खिलाफ सख्त होना होगा। एक बड़ा प्रश्न है कि जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद वहां सक्रिय आतंकवादियों और अलगाववादी ताकतों के हौसले एकाएक बुलंद क्यों हो गये? गौरतलब है कि जब जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेन्स को बहुमत मिला था तो कश्मीर घाटी में इस जीत की खुशी में आपत्तिजनक नारे लगाए गए थे। यहां तक की पाकिस्तान के झंडे भी लहराए गए थे। ऐसा क्यों हुआ? इस तरह आतंकियों के हौसलें बुलन्द होना नवगठित सरकार एवं वहां की जनता के लिये गहन चिन्ता का विषय होना चाहिए। भले ही हमले के बाद आई प्रतिक्रियाओं से साफ है इस मसले पर पक्ष-विपक्ष पूरी तरह एकजुट है। सबसे बड़ी बात यह कि अब आतंक के खिलाफ उठे इन स्वरों में जम्मू-कश्मीर के लोगों की नुमाइंदगी कर रही आवाजें भी शामिल हैं।

सम्मिलित सुनियोजित प्रयासों से जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद के बचे-खुचे निशानों से भी मुक्त करने का लक्ष्य अब पहुंच से दूर नहीं कहा जा सकता। लेकिन इसके लिये सन्देह एवं शंकाओं के घेरों को तोड़ना होगा। कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के सफाए के लिए भारतीय सेना और सुरक्षा बल के जवान लगातार मुहिम चला रहे हैं उनके प्रयासों को बिना राजनीति किये तीक्ष्ण एवं तीव्र करना होगा। इस बीच जम्मू कश्मीर के उरी सेक्टर में पाकिस्तान के आतंकवादियों ने घुसपैठ करने की कोशिश की है जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। जाहिर है पाकिस्तान कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने के लिए सीमा पार से साजिशें कर रहा है। इसलिए जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना और सुरक्षाबलों को और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है ताकि आतंकवादी कश्मीर घाटी में फिर ऐसी आतंकी घटना की पुनरावृत्ति न कर पाए।

23 नवंबर को बामनवास-नो मंदिर में महाराज रामेश्वरदास की 40वीं पुण्यतिथि पर होगा विशाल समारोह का आयोजन

गायक कलाकर 22 नवंबर से 24 घंटे तक प्रस्तुत करेगें धार्मिक भजन

भंडारे में वितरित किया जायेगा प्रसाद

मंदिर में लगे अति दुलर्भ चित्र व प्रतिमायें कर रही श्रद्धालुओं को आकर्षित

गोवर्धन पूजा पर 2 नवम्बर को तैयार होगा अन्नकुट का प्रसाद

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। हरियाणा-राजस्थान की सीमा से सटे गांव बामनवास-नो सथित रामेश्वर दास मंदिर में आगामी 23 नवंबर को परम संत रामेश्वरदास की 40वीं पुण्यतिथि पर विशाल समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस समारोह में 22 नंबवर सुबह से अखंड भजन-कीर्तन शुरू होगें जो 24 घटें तक जारी रहेगें। इस कार्यक्रम में हरियाणा व राजस्थान के मशहूर गायक-कलाकार हिस्सा लेकर धार्मिक भजनों की प्रस्तुती देगें। उसके बाद विशाल भंडारा होगा जिसमें दूर-दराज से आये श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जायेगा। समारोह की तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश केडिया ने बताया कि ट्रस्ट की स्थापना महाराज रामेश्वरदास की ओर से 1973 में की गई थी। अब तक ट्रस्ट के 4 अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं जिनमें पहले प्रधान के रूप में रामशरण मित्तल, दूसरे आत्मा राम, तीसरे मोहन लाल मोदी तथा चैथे प्रधान सुरेश केडिया हैं जो वर्तमान समय में प्रधान हैं। उनके द्वारा प्रत्येक सप्ताह मंदिर की व्यवस्था का निरीक्षण किया जाता है। ट्रस्ट के सभी सद्स्य भी मंदिर की मान-मर्यादा एवं उसकी ख्याति बढाने के प्रति समर्पित हैं। ट्रस्ट के सद्स्य हनुमान भारद्वाज ने बताया कि रामेश्वरदास मंदिर में वर्ष में मुख्यत 4 समारोह रामनवमी, शारदीय व चैत्र नवरात्र, एवं महाराज रामेश्वरदास की पुण्यतिथि पर आयोजित किये जाते हैं जिनमें महेंद्रगढ जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। इसके अलावा भगवान शंकर का रुद्राभिषेक व अनुष्ठान का अन्य कार्यक्रम समय-समय पर होता रहता है।

श्रधालुओं के आकर्षण का केंद्र हैं 8 एकड भूमि पर फैला मंदिर

मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन सुरेश केडिया ने बताया कि करीब 8 एकड़ भूमि पर बने मंदिर एवं गौशला में विभिन्न देवी-देवताओं व विद्वानों के अति दुर्लभ चित्र एवं आकर्षक प्रतिमायें लगी हुई हैं। जिन्हें देखने व समझने के बाद श्रद्धालुओं को शुकुन का एहसास होता है। मंदिर के प्रवेश द्वार पर हनुमानजी की विशालकाय प्रतिमा लगी हुई है वहीं द्वितीय तल पर शंकर भगवान के नंदी व शिवंलिग की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म के प्रारंभकाल गुरु जंभेश्वर से लेकर कलियुग तक के चित्र दिखाये गये हैं इसके साथ ही बड़े-बड़े अक्षरों में रूपया पैसा न चढावें ओर ना ही किसी को देवें लिखा गया है,जो मंदिर की खासियत को दर्शाता है। मंदिर प्रांगण में रामेश्वरदास समाधि स्थल, दुर्गा माता, रामदरबार, लक्ष्मीनारायण,शुकदेव मुनि, वृंदावन बिहारी लाल, हनुमान मंदिर, महादेव, 9 ग्रह, विराट रूप, अखंड ज्योति, संत दुल्लादास, शास्त्रीजी रामजस, शंभूदास, महिसासुर मृदनि, नरसिंह भगवान, शेष शैया, सूर्यदेव, संत तुलसीदास, अन्नपूर्णा दरबार, नंदेश्वर, भोलेनाथ, नारदजी, भक्त प्रहलाद, परशुराम, गीताभवन संस्कृत में सभी 18 अध्याय, गायत्री माता, 52 भैरव, 64 योगिनी, 9 देवी, भद्रकाली, गणेशजी, संतोषी माता, सरस्वती माता, महालक्ष्मी दरबार, वामन भगवान, भैरव, दत्तात्रेय, भगवती गंगा, यमुना जैसे दुर्लभ चित्र एवं प्रतिमायें लगी हुई हैं। जिन्हें श्रद्धालु घंटों तक निहरते रहते हैं। माना जाता है कि एक बार जो श्रद्धालु वहां पंहुच जाता है वह बार-बार जाने को आतुर होता है।

2 नवम्बर को तैयार किया जायेगा अन्नकुट का प्रसाद

मंदिर में आगामी एक नवम्बर को दीपावली पर्व मनाया जायेगा। उसके बाद गौवर्धन पूजा के दिन 2 नवम्बर को मंदिर में विशाल अन्नकुट का प्रसाद तैयार किया जायेगा। जिसमें चावल, मूंग, बाजरा, कढी, सब्जि तैयार कर दूर-दाराज से आये श्रद्धालुओं को वितरित किया जाएगा। दीपोत्सव तथा गोवर्धन पूजा की तैयारियां जारी हैं। इस मौके पर पंडित फांउडेशन दिल्ली के अध्यक्ष हनुमान भारद्वाज, पवन भारद्वाज, सुरेश चंद, रमेश चंद शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, लक्ष्मण शास्त्री, सूबेदार कमलेश वशिष्ठ, सुनील कुमार नम्बरदार उपसथित थे।

कनीना के 50 बैड के अस्पताल को मिलेगा एफआरयू का दर्जा

स्वास्थ विशेषज्ञों सहित अति आधुनिक उपकरण तथा ब्लड बैंक की होगी स्थापना

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने दिया आश्वासन

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। अटेली हलके की नवनिर्वाचित विधायक आरती सिंह राव को स्वास्थ मंत्री बनाए जाने के बाद उप नागरिक अस्पताल कनीना में वेंटिलेटर, विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित अतिआधुनिक उपकरण एंव उनके ऑपरेटर की नियुक्ति को लेकर उम्मीद प्रबल हो गई है। 50 बैड के इस अस्पताल को अब एफआरयू, फस्ट रैफरल यूनिट का दर्जा भी मिल सकता है। उपमंडल स्तरीय इस अस्पताल में जरूरी उपकरण तथा विशेषज्ञ न होने के कारण आपातकाल के दौरान मरीजों को रैफर करना पडता है।

एफआरयू का दर्जा मिलने पर सुविधाएं बढेगीं जिसके चलते चिकित्सको को इंमरजेंसी के समय मरीजों को रैफर नहीं करना पडेगा। इस अस्पताल में एफआरयू को लेकर क्षेत्र की सामाजिक संस्थाओं द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन भी दिया गया है। दूसरी ओर ओर आरती सिंह राव के स्वास्थ मंत्री बनने पर लाखों लोगों की आबादी को स्वास्थ सुविधाएं मिलने की संभावना बन गई है। प्रबुधजनों ने कहा कि बीती 11 अप्रैल को कनीना-दादरी मार्ग पर उन्हाणी के समीप घटित स्कूल बस हादसे के समय यहां पर चिकित्सा विशेषज्ञ तथा उपकरण होते तो अकाल मौत के मुंह में समाए 6 मासूम विद्यार्थियों की जान बचाई जा सकती थी। इस हालात को देखकर क्षेत्र के प्रबुधजनों तथा सामाजिक संगठनों की ओर से इस अस्पताल को एफआरयू का दर्जा दिए जाने की मांग की गई थी।

इस बारे में एसडीएच कनीना के प्रभारी डॉ अंकित शर्मा ने बताया कि एफआरयू में गायनेकोलोजिस्ट, ऑर्थोलोजिस्ट विशेषज्ञों के अलावा ब्लड बैंक सहित जरूरी उपकरणों की अहम आवश्यक्ता होती है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में चिकित्सकों के 11 पद है जिनमें से 4 पद रिक्त हैं। अस्पताल को एफआरयू का दर्जा मिलने के बाद चिकित्सक स्टाफ में बढौतरी होने के साथ-साथ अतिआधुनिक उपकरण भी उपलब्ध होगें।

इस बारे में प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह ने बताया कि कनीना में 50 बैड का अस्पताल भाजपा सरकार में ही बनकर तैयार हुआ है। इस भवन में अब चिकित्सकों, आयुनिक उपकरणो सहित तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगीं। अस्पताल को एफआरयू का दर्जा दिया जायेगा। उसके बाद यहां से किसी भी मरीज को रैफर करने की जरूरत नहीं पडेगी। लाखों लोगों को बेहतर स्वास्थ सुविधाएं मिलने लगेगीं।

श्रीराधा रानी बृज यात्रा में 15 हजार श्रद्धालु कर रहे यात्रा

समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

होडल। मान मंदिर बरसाना उत्तरप्रदेश से 15 अक्टूबर को पदम श्री संत रमेश बाबा के सानिध्य में प्रारंभ हुई राधा रानी बृज यात्रा का बृज की नगरी होडल में पधारने पर बृज वासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। गढ़ी पट्टी में रात्रि पड़ाव के बाद यात्रा बुधवार सुबह होडल, बेढ़ा पट्टी, विजयगढ़ व खिरवी होते हुए भिडूकी में पहुंची जहां रात्रि पड़ाव के बाद यात्रा गुरुवार सुबह शेषशाई होते हुए यूपी के गांव रूपनगर में पहुंचेगी। यात्रा में आए सैकड़ो संत महात्माओं का ग्रामीणों व लोगों ने स्वागत कर उनका आशीर्वाद लिया। यात्रा के मध्य में कई जगह ग्रामीणों ने यात्रियों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की हुई थी।

बरसाना धाम से संत रमेश बाबा के सानिध्य में निकली गई श्रीराधा रानी बृज यात्रा में लगभग 14 से 15 हजार महिला-पुरुष श्रद्धालु हिस्सा ले रहे हैं। इस यात्रा में हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश के अलावा अन्य कई राज्यों के श्रद्धालु इस परिक्रमा में मौजूद है। मान मंदिर बरसाना के कार्यकारी अध्यक्ष राधा कांत शास्त्री ने जानकारी में बताया कि इस राधा रानी बृज यात्रा की शुरुआत संत रमेश बाबा ने सन 1988 में की थी ।जब से ही यह यात्रा हर वर्ष निकली जाती है। उन्होंने बताया कि जिस समय संत रमेश बाबा ने इस यात्रा की शुरुआत की उस समय मात्र 200 श्रद्धालु इस यात्रा में हिस्सा लेते थे आज 15 हजार श्रद्धालु इस यात्रा का हिस्सा बने हुए है। यह यात्रा मान मंदिर बरसाना की ओर से नि:शुल्क होती है और इस यात्रा में आवास, भोजन, उपचार के अलावा अन्य व्यवस्था भी साथ होती है। यात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं के खाने का इंतजाम नित्य मान मंदिर बरसाना से ही बनकर आता है। यात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम इस समय हरियाणा में चल रहे हैं क्योंकि तीन राज्यों में फैली ब्रज की यह पावन भूमि। उत्तर प्रदेश राजस्थान तथा हरियाणा यह तीनों ही राज्य ब्रज भूमि की पावन गरिमा से अभिमण्डित हैं ।आज के पड़ाव स्थल के आसपास की समग्र भूमि राधा माधव की लीलाओं की साक्षी है ।होडल के निकट ही परम पवित्र तीर्थ है चमेली वन व होडल में बड़ा प्रसिद्ध सती सरोवर कुंड है तथा इस क्षेत्र का सिद्ध बाबा आश्रम भी महत्वपूर्ण स्थल है।

उन्होंने बताया कि यह बृज की यात्रा जहां-जहां से निकलती है लोग स्वागत के लिए हाथ में फूल, माला व आरती का थाल और प्रसाद सामग्री लिए खड़े रहते हैं। गावों में घर-घर से रोटी बनकर यात्रा में श्रद्धालुओं के लिए आती है ।यात्रा में मौजूद गुरुकुल के बालक-बालिकाएं पंक्ति बद्ध नृत्य करते हुए चलते देख सभी का मन मुग्ध हो रहा था।

यात्रा में लीला माहात्म्य निरूपण करते हुए भगवताचार्य पंडित भक्त शरण जी ने कहा कि ब्रज यात्रा करने से समस्त पाप राशि अविलंब जल जाती है ।भक्ति का यह सहज सुलभ व सरलतम साधन है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का समापन 19 नवंबर को मान मंदिर बरसाना में होगा। इस मौके पर यात्रा में बृजशरण महाराज, ब्रजदास महराज, प्रभुदास पुजारी, सुनील कुमार महाराज, राजकुमार शास्त्री, नीलमणि महाराज, लालदास महाराज, शंकर महाराज के अलावा अन्य साधु संत व हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद भी होडल नगर में नहीं लगाया गया समाधान शिविर

समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

होडल। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के निर्देशानुसार आमजन की प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए 22 अक्तूबर से नगर परिषद कार्यालयों में समाधान शिविरों के आयोजन करने के निर्देश दिए गए थे और परिषद के अधिकारियों को प्रॉपर्टी आईडी सम्बंधित समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने को कहा गया था, लेकिन होडल नगर परिषद के अधिकारी इस मामले में पूरी तरह से निषक्रिय दिखाई दिए। नगर परिषद कार्यालय में इस प्रकार का कोई भी समाधान शिविर नहीं लगाया गया। विभिन्न माध्यमों से सूचना मिलने के बाद परेशान उपभोक्ता उक्त कार्यालय में पहुंचे, लेकिन अधिकारियों के मौजूद नहीं मिलने के कारण उपभोक्ताओं को बैरंग लौटने को मजबूर होना पडा। हालांकि कहने को होडल नगर परिषद में प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित तीन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें तीनों शिकायतों का समाधान मौके पर ही समाधान किए जाने के दावे किए गए। जबकि सच्चाई यह है कि प्रॉपर्टी आईडी सही कराने के मामले को लेकर नगर परिषद कार्यालय में दर्जनों उपभोक्ता प्रतिदिन चक्कर काटने को मजबूर हैं। प्रदेश सरकार ने शहरी स्थानीय निकायों व पंचायतों में आमजन की शिकायतों का समाधान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है, जहां जन सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। बिडम्बना यह है कि आमजन की प्रॉपर्टी आईडी व अन्य समस्याओं के समाधान के लिए नगर परिषद कार्यालय तथा स्वामित्व योजना से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए बीडीपीओ कार्यालय में इस प्रकार के शिविर अभी शुरु ही नहीं किए गए हैं। सरकार द्वारा प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाना है, ताकि आमजन अपनी प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व योजना से संबंधित त्रुटियों को दुरुस्त कराने के लिए शिविर का लाभ उठा सकें, लेकिन शहर में उक्त दोनों ही विभागों के इस प्रकार का कोई शिविर नहीं लगाया जा सका है। नगर परिषद और खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी प्रात: 10 बजे के बाद ही कार्यालयों में पहुंचते हैं, जबकि अधिकारियों के पहुंचने का कोई समय निश्चित नहीं हैं। अगर कोई उपभोक्ता विभागीय अधिकारियों की इस कार्यशैली के बारे में जानकारी लेना चाहता है तो कर्मचारियों द्वारा बताया जाता है कि अधिकारी मीटिंग में हिस्सा लेने बाहर गए हुए हैं। स्थानीय नगर परिषद में प्रॉपर्टी आईडी को दुरुस्त कराने के लिए दर्जनों उपभोक्ता प्रतिदिन चक्कर लगाते रहते हैं। विभागीय कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं को कागजी खानापूर्ति के नाम पर बेवजह परेशान किया जाता है, लेकिन बाद में सुविधा शुल्क मिलने के बाद उक्त कार्य तुरंत प्रभाव से दुरुस्त कर दिया जाता है।

कनीना नपा चुनाव के लिए वार्ड 4 बीसी-ए महिला, 8 एससी तथा 3, 7 व 12 सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। नव वर्ष तक होने वाले कनीना नगरपालिका चुनाव में इस बार 13 के स्थान पर होगें 14 वार्ड के चुनाव होगें। बीते समय वार्डबंदी का निर्धारित तथा आरक्षण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद मतदाता सूचि अपडेट करने एं वचेयरमैन पद फाइनल करना शेष है। नपा प्रशासक एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि वार्ड 8 एससी महिला के लिए,वार्ड 6एससी पुरुष के लिए, वार्ड 4 बीसी-ए वर्ग की महिला के लिए, वार्ड 3, 7 व 12 सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया जा चुका है। अब चेयरमैन पद का आरक्षण होना है। आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव का रास्ता साफ होगा। कनीना में इस बार एक वार्ड की बढौतरी की गई है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा की ओर से इसकी अधिसूचना पहले ही जारी की जा चुकी थी। अधिसूचना के अनुसार नपा में किसी भी नजदीकी गांव को शामिल नहीं किया गया है, बल्कि पुराने क्षेत्रफल अनुसार केवल नपा वार्डों का विस्तार किया गया। निदेशक शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से 14 वार्डों का परिसीमन की ड्राफ्ट तैयार करने के बाद मतदाता सूचि अपडेट करने का कार्य किया जाएगा। 13 वार्डों की सूचि के मुताबिक कनीना में कुल 9626 मतदाता दर्शाए गए थे। जिनमें अब मतदाता बढने की उम्मीद है। नववर्ष तक नपा चुनाव होने की संभावना है।

कनीना में हुई बाजरे की बंपर आवक, अब तक 262345 बाजरे की हुई खरीद

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। नयी आनाज मंडी चेलावास में बाजरे की खरीद जारी है। अब तक 10 हजार किसानों से किसानों से 262345 क्विंटल बाजरे की खरीद की जा चुकी है। खरीदे गए बाजरे में से 168345 क्विंटल बाजरे का उठान कर जींद तथा पलवल के गोदाम में भेजा गया है। एक अक्टूबर से बाजरे की खरीद शुरू की गई थी जो अब तक जारी है। प्रारंभिक दौर में खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाउस द्वारा एमएसपी 2625 रूपे प्रति क्विंटल की दर से बाजरे की खरीद शुरू की गई थी। उसके बाद अब हैफेड द्वारा बाजरे की खरीद की जा रही है। हैफेड के खरीद अधिकारी रिषी शर्मा व मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि नियमित रूप से बाजरे की खरीद की जा रही है। मंडी में आने वाले किसानों के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ किसान ई-खरीद पोर्टल से गेट पास लेकर मंडी में पंहुच रहे हैं।

12वीं कक्षा पास युवति घर से हुई लापता

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। खंड के एक गांव से 12वीं कक्षा पास 20 वर्षीय एक युवति घर से लापता हो गई। इस संदर्भ में युवति के पिता अनुज ने कनीना शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 21 अक्टूबर को सांय 6 बजे बाद बिना बताए घर से चली गई। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उसके पास मोबाईल फोन है जो बंद आ रहा है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

10 दिन का प्रशिक्षण लेकर लौटे एनसीसी कैडेट्स विद्यालय पहुंचने पर सम्मानित

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी नारनौल द्वारा आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेकर लौटे कैडेट्स को सम्मानित किया गया। ये प्रशिक्षण शिविर भिवानी जिले के सिंघानी में आयोजित किया गया था। जहां कैडेटों को भारतीय सेना की तर्ज पर प्रशिक्षित किया गया। शिविर से लौटे एनसीसी कैडेट्स का विद्यालय के प्राचार्य सुनील खुडानिया ने सम्मान किया। एनसीसी इंचार्ज प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सिंघानी में 14 अक्टूबर से दस दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें राजकीय मोडल संस्कृति वरिष्ठ मायमिक विद्यालय कनीना से 12 छात्राओं सहित 49 एनसीसी कैडेटों ने हिस्सा लिया। इस शिविर का बुधवार 23 अक्टूबर को समापन हुआ। प्रशिक्षु कैडेटों को कर्नल अक्षय माथुर के नेतृत्व में परेड, हथियार चलाने,कंपास सैट करने, लैंड मार्क आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान शारिरिक,सांस्कृतिक,एकेडमिक प्रतियोगिताएं भी करवाई गई जिनमें शिक्षिका ज्योति यादव की देखरेख में कैडेटों ने पदक हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवांवित किया। इस मौके पर शिक्षक तथा विद्यार्थी उपसथित थे।

'सन सिटी' जोधपुर

थार के प्रवेश द्वार राजस्थान की राजधानी जयपुर के बाद सर्वाधिक चहल-पहल वाला शहर है जोधपुर। यह शहर जयपुर के बाद राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा रेगिस्तान शहर है। अपनी अनूठी विशेषता के कारण इस शहर को दो उपनाम-'सन सिटी' और 'ब्लू सिटी' मिले हैं। 'सन सिटी' नाम जोधपुर के चमकीले धूप के मौसम के कारण दिया गया है, जबकि 'ब्लू सिटी' का नाम मेहरानगढ़ किले के आसपास स्थित नीले रंग के घरों के कारण दिया गया है। जोधपुर को 'थार के प्रवेश द्वार' के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि यह शहर थार रेगिस्तान की सीमा पर स्थित है। जोधपुर शहर को 1459 में राजपूतों के राठौड़ राव जोधा ने स्थापित किया था। इससे पहले इस शहर को 'मारवाड़' नाम से जाना जाता था, किन्तु वर्तमान नाम शहर के संस्थापक राव जोधा के नाम पर है। इस किलेनुमा शहर को पत्थर की एक ऊंची दीवार संरक्षण प्रदान करती है। यह दीवार करीब 10 किलोमीटर लंबी है तथा विभिन्न दिशाओं में इसके 8 प्रवेश द्वार हैं। विशाल किले के अलावा अपने जमाने के खूबसूरत महलों, मंदिरों तथा उत्कृष्ट संग्रहालयों के कारण यह शहर पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। तो आइए, क्यों न चलें उन स्थलों की ओर-

जसवंत थांडा : मेहरानगढ़ किले के नजदीक सफेद संगमरमर की बनी महाराजा जसवंत सिंह की समाधि दर्शनीय है। इसका निर्माण 1899 में किया गया था। यहां के विभिन्न चित्रों और समाधियों में उस युग की शाही वंशावली सुरक्षित है। 4 समाधियां संगमरमर की बनी हैं।

मेहरानगढ़ किला : यह भव्य किला 120 मीटर ऊंची पहाड़ी पर बना हुआ है। सामरिक कारणों से 1459 में राव जोधा ने अपनी राजधानी मंडौर से यहां बदल ली थी। इस खूबसूरत किले के अंदर मोती महल, फूल महल और शीश महल आदि मौजूद हैं। ये सभी भवन शिल्पकला व भवननिर्माण कला के अद्भुत नमूने हैं। शाही परिवार की महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने वाली मेहराबदार खिड़कियां, आगे खूबसूरत डिजाइन में निकले छज्जे, बलुई पत्थर पर की गयी सुंदर व बारीक नक्काशी, पत्थर के खुदे हुए लुक आदि काबिलेतारीफ है। इस किले को देखकर मन रोमांचित हो जाता हैं। घूमते समय यहां की अद्भुत कलाएं मोहित कर लेती हैं।

उमैद भवन : इस उत्कृष्ट भवन का निर्माण महाराजा उमैद सिंह ने 1829-42 में करवाया था। उस समय इस खर्चीले भवन के निर्माण में 15 लाख रुपये खर्च हुए थे। यह अकालग्रस्त लोगों की सहायता के लिए महाराजा उमैद सिंह द्वारा किया गया एक सार्थक उपाय था। इसके 347 कमरों को बहुत ही सुरुचिपूर्ण ढंग से संवारा गया था। वर्तमान समय में महल का एक भाग कुछ भूतपूर्व शासकों का निवास स्थान है। वाकी भाग को एक बड़े होटल में परिवर्तित कर दिया गया है। महल के अंदर खूबसूरत जोधपुर उमैद भवन बाग भी है। महल के कुछ भाग ही पर्यटकों के लिए खुले हैं।

कालियाना झील : यह शहर से 11 किलोमीटर दूर जैसलमेर मार्ग पर कृत्रिम झील के किनारे का क्षेत्र एक खूबसूरत पिकनिक स्थल है। पर्यटक यहां से खूबसूरत सूर्यास्त का आनंद जरूर लेते हैं। यहां का दृश्य ऐसा प्रतीत होता है, जैसे आसमान के कैनवास पर किसी ने अनगिनत रोमांटिक रंग छिड़क दिए हों। यहां का खूबसूरत दिलकश नजारे को पर्यटक दिलों में बसा लेते हैं।

बलसमंद लेक व पैलेस : शहर से 7 किलोमीटर दूर यह एक मनोहारी पर्य टक स्थल है। जहां आम, अमरूद, पपीते के अलावा अन्य घने वृक्षों की खूबसूरती तो देखते बनती ही है, साथ में इन वृक्षों से आती ठंडी हवाएं पर्यटकों का मन मोह लेती हैं। यहां की कृत्रिम झील के किनारे शांत वातावरण में पर्यटक अद्भुत शांति महसूस करते हैं। इस झील का निर्माण 1159 में बालक राव परिहार ने किया था।

जोधपुर में कई मंदिर दर्शनीय हैं – महामंदिर मंदिर, रसिक बिहारी मंदिर, गणोश मंदिर, बाबा रामदेव मंदिर, संतोषी माता मंदिर, चामुंडा माता मंदिर और अचलनाथ शिवालय लोकप्रिय मंदिरों में हैं।

मंडौर बाग : शहर से 9 किलोमीटर दूर स्थित मंडौर मरवाड़ की पुरानी राजधानी रही है, जिसे सामरिक कारणों से बदलना पड़ा। आज भी इसके भग्नावशेष मौजूद हैं। अब यह खूबसूरत घने बागों के बीच स्थित पिकनिक स्थल बन गया है। यहां भी पर्यटकों को भरपूर सुकून मिलता है और आनंद की अनुभूति होती है।

कब जाएं

इस क्षेत्र में वर्षभर गर्म और शुष्क जलवायु बनी रहती है। ग्रीष्मकाल, मानसून और सर्दियां यहां के प्रमुख मौसम हैं। इसलिए साल के किसी भी महीने में जोधपुर का कार्यक्रम बना सकते हैं। वैसे सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च तक है।

कैसे जाएं

जोधपुर शहर का अपना हवाई अड्डा और रे लवे स्टेशन है। प्रमुख शहरों से उड़ानें और रेल सुविधाएं हैं। सड़क मार्ग से भी प्राय- सभी बड़े शहरों से पंहुच सकते हैं।

गंगा के किनारे बसी बाबा विश्वनाथ की काशी



लोक, कला और पर्यटन के मामले में वाराणसी बेहद समृद्ध है। यहां देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। यहां गंगा के घाट सदियों पुराना इतिहास समेटे हुए हैं। भगवान शिव का प्रसिद्ध तीर्थस्थल होने के कारण भी यहां साल भर पर्यटक खिंचे चले आते हैं। यह शिव की काशी नगरी है। साक्षात् विराजमान हैं महादेव यहां। वाराणसी की यात्रा एक तरह से शिव से मुलाकात है। मन का मैल धोना हो, मन का बोझ उतारना हो था फिर चाहिए मुक्ति तो एक बार काशी चले आइए और गंगा तट पर स्नान कर महादेव से साक्षात्कार कीजिए।

ये काशी ही है जो पूरी दुनिया को बुलाती है- आओ मुझसे मिलो। यहां के घाट, मैरी चर्च, भारत कला म्यूजियम, राम नगर दुर्ग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय व नंदेश्वर कोढी दर्शनीय हैं। इन सबके अलावा यहां का काशी विश्वनाथ मंदिर विश्वविख्यात है। इसके अलावा तुलसी मनस मंदिर, भारत माता मंदिर और दुर्गा मंदिर बेहतरीन मंदिरों में से एक है।

वाराणसी के आसपास भी पर्यटक स्थल हैं, जहां आप भ्रमण कर सकते हैं जैसे चुनार, सारनाथ और जौनपुर। चंद्रप्रभा वाइल्ड लाइफ सैंक्च्युरी और कैमूर वाइल्ड लाइफ सैंक्च्युरी एडवेंचर प्रेमियों के लिए बेहतरीन टूरिस्ट स्पॉट हैं। वाराणसी में साल भर मेले और त्योहार पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं। इनमें से कुछ त्योहार प्रमुख माने जाते हैं जैसे कार्तिक पूर्णिमा, बुद्ध पूर्णिमा, गंगा महोत्सव, रामलीला, हनुमान जयंती, पंच कोशी परिक्रमा और महाशिवरात्रि।

वाराणसी के मंदिर श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण माने जाते हैं। यहां के मंदिर देखने दूर-दूर से पर्यटक आते हैं। बनारस के ज्यादातर मंदिर पुराने शहर के रास्ते में हैं। सबसे मुख्य मंदिरों में काशी विश्वनाथ मंदिर हैं, जहां भगवान शिव स्वयं विराजमान हैं। पूरे साल यहां भगवान शिव के भक्तों का तांता लगा रहता है। इस मंदिर में शाम की आरती बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। इसे देखने श्रद्धालु उमड़ पड़ते हैं।

बनारस शहर की पवित्रता यहां की बहती नदी गंगा के साथ भी जुड़ी है। बनारस स्थित गंगा घाट पर पर्यटकों और वहां के स्थानीय लोगों की भीड़ लगी रहती हैं। दश्वमेघ घाट, अस्सी घाट, बहना संगम, पंचगंगा और मणि कर्णिका, यहां के मुख्य घाटों में से हैं। इन घाटों के पीछे कई किवदंतियां हैं। सुबह इन घाटों पर लोगों की भीड़ रहती है, जो गंगा नदी में डुबकी लगाकर उगते सूरज की आराधना करते हैं।

वाराणसी से नजदीक हैं सारनाथ, जहां भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था प्रबोधन पाने के बाद। सम्रांट अशोक ने बाद में यहां स्तूप भी बनवाया था। सारनाथ में कई सारे बौध स्मारक बने। बुद्ध पूर्णिमा का त्योहार यहां उत्साहपूर्वक मनाया जाता है।

वाराणसी आप कभी भी जा सकते हैं। दिल्ली से सीधी ट्रेन वाराणसी जाती है। कोलकाता राजधानी एक्सप्रेस, शिव गंगा एक्सप्रेस और काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस से पर्यटक काशी पहुंच सकते हैं। यहां कभी भी घूमने जाया जा सकता है। मगर फरवरी से लेकर अप्रैल तक का समय अच्छा रहता है।

घूमने बिहार जाएँ तो इन दस ठिकानों को न भूल जाएँ!

पर्यटन के हिसाब से बिहार समृद्ध है। यहां देखने के लिए बहुत कुछ हैं। बिहार के नाम विहारा से बनाया गया। मतलब भ्रमण करने की जगह। विश्व का पहला विश्वविद्यालय स्थापित करने का गौरव बिहार को ही हासिल है। विभिन्न धर्मों के स्मारक भी यही देखने को मिलते हैं। बिहार में ऐसी दस मुख्य जगह हैं, जहां आप घूम सकते हैं।

नालंदा विश्वविद्यालय– पांचवीं शताब्दी में बना यह विश्वविद्यालय विश्व का पहला रेसिडेंसियल यूनिवर्सिटी है। यहां ज्ञान की रोशनी सभी को अलोकित करती है। किसी समय लगभग 2000 शिक्षक देश-विदेश से आए दस हजार छात्रों को पढ़ाते थे। यहां बुद्ध ने भी एक शिक्षक की भूमिका निभाई। महान विद्वान और चीनी पर्यटक ह्यून सेंग भी यहां के छात्र रहे थे। यह विश्वविद्यालय कुशान वास्तुकला का बेहतरीन नमूना हैं। बरसों बंद रहने के बाद आज यह विश्वविद्यालय आंशिक रूप से फिर से शुरू हो गया है।

बोधि वृक्ष– पटना से सौ किलोमीटर दूर गया में बोधि वृक्ष बौद्धों का महत्वपूर्ण तीर्थस्थल हैं। पूरे विश्व से बौद्ध समुदाय के लोग इस वृक्ष के सामने नतमस्तक होते हैं। कहते हैं भगवान बुद्ध की ज्ञान इसी वृक्ष के नीचे प्राप्त हुआ था। वृक्ष के पास ही महा बोधि मंदिर है, जो बौद्ध धर्म अपनाने वालों के लिए पवित्र स्थल हैं।

मचालिंडा झील– मचालिंडा झील के शेषनाग के नाम पर पड़ा है। दरअसल, सांपों के राजा मचालिंडा ने भगवान बुद्ध को इसी झील के पास उनके छठे हफ्ते के ध्यान के समय भयंकर आंधी और लहरों से बचाया था। इस वजह से यह जगह मचालिंडा के नाम से जाना जाता हैं। बोध गया में इस जगह के आस-पास की हरियाली इसे बेहतरीन पर्यटक स्थल बनाती हैं।

गिद्धहकुटा पीक– यह पीक वल्चर पीक के नाम से जाना जाता हैं। राजगीर स्थित यह पीक बिल्कुल एक गिद्ध की तरह हैं। महात्मा बुद्ध ने इस पीक पर अपने कुछ प्रसिद्ध उपदेश दिए थे और तब से यह बौधों के लिए पवित्र स्थल बन गया।

राजगीर का गर्म कुंड– राजगीर का हॉट स्प्रिंग्स पर्यटकों के लिए खास जगह हैं। वैभव पहाड़ियों के नीचे इस गर्म कुंड में नहाने के लिए दूर-दूर से पर्यटक आते हैं। इस कुंड में पानी सप्तधारा से आता हैं। यह धारा सप्तपर्णी गुफा के पीछे से बहती हैं। कहते हैं यह कुंड अपने आप में औषधीय गुण समेटे हुए है। ब्रहमकुंड यहां का सबसे गर्म कुंड माना जाता है। इसका तापमान लगभग 450 डिग्री सेल्सियस होता हैं। कहा जाता है भगवान बुद्ध और महावीर ने भी इस कुंड में स्नान किया था।

बक्सर फोर्ट– गंगा नदी के तट के साथ बसे बक्सर के प्राचीन किले को 1054 में बनाया गया था। इस किले की बनावट बेहद उत्कृष्ट हैं। यह किला अंदर से भी बेहद आकर्षक हैं। अगर आप बक्सर जाएं तो इस किले का भ्रमण करना न भूलें। साथ ही यहां का गौरी शंकर मंदिर और नाथ बाबा मंदिर भी दर्शनीय है।

नवलखा पैलेस– मधुबनी जिले के राजनगर में इस पैलेस का निर्माण 17वीं शताब्दी में हुआ था। दरभंगा के महाराजा रामेश्वर सिंह ने इसका निर्माण कराया था। 1934 में आए भूकम्प के कारण इस पैलेस को काफी क्षति पहुंची थी। उसके बाद इसका निर्माण नहीं हो पाया। इसके अलावा कमला नदी के पास मां काली मंदिर और मां दुर्गा को समर्पित राजनगर पैलेस यहां का मुख्य पर्यटक स्थल हैं।

हेन सैंग मेमोरियल हॉल– प्रसिद्ध चीनी विद्वान ह्यून सेंग की याद में बनाया गया यह हॉल अद्भुत शिल्पकला का उदाहरण हैं। कहते हैं उन्होंने भारत में अपने बारह साल यहीं गुजारे थे। आचार्य शील भ्रद की छत्रछाया में उन्होंने यहां योग सीखा।

जलमंदिर– झील के बीचोंबीच कमल के फूल से घिरा है। यह जलमंदिर। ऐसा कहा जाता है। भगवान महावीर के बड़े भाई राजा नंदीवर्धन ने इसे बनाया था। यह मंदिर विमान के आकार में है। 600 फीट लंबा पुल इस मंदिर को किनारे से जोड़ता हैं। इसी जगह भगवान महावीर ने महाप्रयाण किया था।

पटना म्यूजिक– 1917 में बना म्यूजिक पर्यटकों के लिए खास आकर्षण केंद्र हैं। राजपूत और मुगल वास्तुकला से समृद्ध इस म्यूजियम में पेटिंग्स, पौराणिक चीजें और अन्य प्रतिरूप रखे जाए हैं। यहां हिंदू और बौध धर्म की वस्तुओं का विशेष संग्रह हैं। 20 करोड़ साल पुराने पेड़ का अवशेष भी यहां रखा हैं।

संस्कृति के हिसाब से बिहार में देखने के लिए बहुत कुछ हैं। इन पर्यटन स्थलों को देखने के लिए आप भी रेलमार्ग या वायुमार्ग से यहां आ सकते हैं।

पिछले 9 दिनों में एयरलाइंस की 170 से अधिक उड़ानों को मिली बम की धमकी

- उड़ानों की रुकावट से कुल नुकसान लगभग 600 करोड़ रुपए

नई दिल्ली ।

पिछले 24 घंटों में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लगभग 80 बम की धमकियां मिलीं, जो बाद में झूठी साबित हुईं लेकिन इसने हजारों यात्रियों और सुरक्षा एजेंसियों को चिंतित कर दिया। पिछले 9 दिनों में भारतीय एयरलाइंस द्वारा संचालित 170 से अधिक उड़ानों को बम धमकी मिल चुकी है, जिनमें से अधिकांश सोशल मीडिया के माध्यम से आईं, और इस कारण कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का मार्ग भी बदलना पड़ा। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को अकेले 50 उड़ानों को बम की धमकी मिली, जिनमें इंडिगो और एयर इंडिया की 13-13 उड़ानें शामिल थीं. आकासा एयर की 12 से अधिक उड़ानों और विस्तारा की 11 उड़ानों को भी धमकियां मिलीं। इसके अलावा, सोमवार रात इंडिगो, एयर इंडिया और विस्तारा की लगभग 30 उड़ानों को बम धमकी मिली थी। विमानन क्षेत्र के एक अधिकारी के अनुसार, घरेलू उड़ान में रुकावट से लगभग 1.5 करोड़ रुपये का नुकसान होता है, जबकि अंतरराष्ट्रीय उड़ान के लिए यह आंकड़ा 5-5.5 करोड़ रुपये तक जा सकता है। औसतन, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में होने वाले रुकावट से 3.5 करोड़ रुपये प्रति उड़ान का नुकसान होता है और 170 से अधिक उड़ानों को देखते हुए कुल नुकसान लगभग 600 करोड़ रुपये के आसपास है। अधिकारी ने बताया कि यह अनुमान व्यापक है क्योंकि इसमें कई अन्य कारक शामिल हैं। इंडिगो के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि मंगलवार को उसकी 13 उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिले। ये उड़ानें थीं 6ई196 (बेंगलुरु से लखनऊ), 6ई 433 (आइजोल से कोलकाता), 6ई 455 (कोलकाता से बेंगलुरु), 6ई 17 (मुंबई से इस्तांबुल), 6ई 394 (कोलकाता से जयपुर), 6ई 318 (कोलकाता से अहमदाबाद), 6ई 297 (हैदराबाद से जोधपुर), 6ई 399 (लखनऊ से गोवा), 6ई 381 (गोवा से अहमदाबाद), 6ई 403 (पुणे से देहरादून), 6ई 419 (सूरत से गोवा), 6ई 323 (बागडोगरा से चेन्नई) और 6ई 214 (मुंबई से श्रीनगर)। प्रवक्ता ने कहा कि सभी यात्रियों को गंतव्य हवाई अड्डों पर सुरक्षित रूप से उतार दिया गया। वहीं आकासा एयर और विस्तारा ने भी इन घटनाओं की पुष्टि की. आकासा ने बताया कि उनकी कुछ उड़ानों को भी मंगलवार को सुरक्षा अलर्ट मिले। एयरलाइंस ने कहा कि वे सुरक्षा नियमों का पालन कर रही हैं और संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोग कर रही हैं। सरकारी सूत्रों ने बताया कि बम धमकी आकलन समिति के प्रोटोकॉल में बदलाव किए गए हैं, ताकि रैंडम इंटरनेट-आधारित धमकियों का बेहतर तरीके से सामना किया जा सके।

वारी एनर्जीज़ के आईपीओ को मिल रहा अच्छा रिस्पांस

जीएमपी से मिल रहा मजबूत लिस्टिंग का संकेत

नई दिल्ली ।

निवेशकों के पास सोलर मॉड्यूल बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनीः वारी एनर्जीज़ के आईपीओ में पैसा लगाने का बुधवार को आखिरी मौका है। इश्यू को दूसरे दिन आठ गुना से अधिक सब्सक्राइब किया गया था। यह मेनबोर्ड आईपीओ सोमवार, 21 अक्टूबर, 2024 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था और बुधवार को बंद हो जाएगा। वारी एनर्जीज़ ने बताया कि उसने पहले ही एंकर निवेशकों से 1,276.93 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। वारी एनर्जीज़ के 4,321 करोड़ रुपये के आईपीओ को निवेशकों से शानदार रिस्पॉस मिल रहा है। आईपीओ में बोली के दूसरे दिन, 22 अक्टूबर को मजबूत मांग देखी गई और ऑफर को 8.8 गुना अधिक सब्सक्राइब किया गया। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, क्यूआईबीएस (क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स) के लिए आरक्षित हिस्सा 1.73 गुना बुक हुआ, एनआईआईएस (नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स) के लिए आरक्षित हिस्सा सबसे ज्यादा 24.38 गुना बुक हुआ और रिटेल निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्सा 6.39 गुना बुक हुआ। कर्मचारियों के लिए आरक्षित हिस्सा 3.11 गुना बुक हुआ। आईपीओ को मंगलवार को 2,10,79,384 शेयरों के मुकाबले 18,58,11,795 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। पहले दिन, आईपीओ को 3.47 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। वारी एनर्जीज़ की स्थापना 1989 में हुई थी और यह भारत का सबसे बड़ा सोलर मॉड्यूल निर्माता है, जिसकी 12 जीडब्ल्यू क्षमता है। ग्रे मार्केट में भी इस आईपीओ में उल्लेखनीय रुचि देखी गई, जहां वारी एनर्जीज़ का जीएमपी 21 अक्टूबर को आईपीओ लॉन्च से पहले 100 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया था। हालांकि बुधवार को जीएमपी में मामूली गिरावट देखी गई।

देशभर में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में हुआ बदलाव

- क्रूड का भाव लगातार मामूली बढ़त के साथ 75.74 डॉलर प्रति बैरल

नई दिल्ली ।

इजरायल और ईरान के बीच टेंशन थोड़ी कम हुई तो वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के भाव भी नीचे आ गए। इसका असर देशभर में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों पर भी दिख रहा है। बुधवार को सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी तेल के खुदरा रेट में बदलाव दिख रहा है। उत्तराखंड के पहाड़ों से लेकर झारखंड और पश्चिम बंगाल के मैदानों तक सभी जगह तेल की कीमतों में बदलाव दिख रहा है। हालांकि, देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में पेट्रोल 12 पैसे महंगा होकर 93.32 रुपये लीटर बिक रहा है। डीजल भी 12 पैसे चढ़ा और 88.12 रुपये लीटर पहुंच गया है। पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में पेट्रोल 82 पैसे चढ़कर 106.44 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 77 पैसे बढ़कर 93.15 रुपये लीटर बिक रहा है। झारखंड की राजधानी रांची में पेट्रोल 17 पैसे सस्ता हो गया और 97.81 रुपये लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 18 पैसे टूटकर 92.56 रुपये लीटर हो गया है। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी बदलाव दिख रहा है। क्रूड का भाव लगातार मामूली बढ़त के साथ 75.74 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई का भाव भी थोड़ा चढ़कर 72.09 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। नदिया में पेट्रोल 106.44 रुपये और डीजल 87.83 रुपये प्रति लीटर है। रांची में पेट्रोल 97.81 रुपये और डीजल 92.56 रुपये प्रति लीटर हो गया है। देहरादून में पेट्रोल 93.32 रुपये और डीजल 89.12 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

ओला कैब्स को देना होगा बैंक अकाउंट या कूपन चुनने का अधिकार

नई दिल्ली ।

ओला कैब्स कंपनी को अब रिफंड प्रक्रिया में ग्राहकों को बैंक अकाउंट या कूपन में से किसी एक विकल्प को चुनने का अधिकार देना होगा। सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) ने यह आदेश जारी किया। इस प्रक्रिया को लेकर कंज्यूमर मिनिस्ट्री ने स्पष्ट किया है कि रिफंड के लिए विकल्प न देना कंज्यूमर राइट्स का उल्लंघन है। इस तरह की व्यवस्था से ग्राहक अगली राइड के लिए मजबूर होते हैं, जो उनके अधिकारों के खिलाफ है। सीसीपीए की चीफ कमिश्नर निधि खरे ने ओला को आदेश दिया है कि वह प्लेटफॉर्म पर बुक की गई सभी ऑटो राइड्स के लिए ग्राहकों को बिल, रसीद या इनवॉइस प्रदान करे। साथ ही, ऐप द्वारा ग्राहकों को चालान देने से मना करने की भी शिकायत आई है, जिसमें ऑटो सर्विस के नियमों में बदलाव का हवाला दिया गया है। इस वर्ष 9 अक्टूबर तक नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन पर ओला के खिलाफ 2,061 शिकायतें दर्ज की गई थीं, जिनमें अधिकांश शिकायतें बुकिंग के समय से अधिक किराया और रिफंड न मिलने से संबंधित थीं।

पिछले सप्ताह सीसीपीए ने ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को कंज्यूमर राइट्स के उल्लंघन, भ्रामक विज्ञापन और अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस के लिए कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था। बता दें कि वर्तमान में, जब ग्राहक ओला ऐप पर रिफंड के लिए शिकायत करते हैं, तो कंपनी उन्हें केवल कूपन के रूप में रिफंड देती है, जिसे वह अगले राइड के लिए ही इस्तेमाल कर सकते हैं।

अडाणी ग्रुप की कंपनी को सेबी ने भेजा नोटिस

- कंपनी ने निवेशकों से क्या छुपाया, शेयर होल्डर्स ने लगाया ये बड़ा आरोप

नई दिल्ली ।

अडाणी ग्रुप की एक कंपनी को शेयर बाजार नियामक सेबी ने नोटिस भेजा है। यह नोटिस कंपनी के शेयरधारकों की शिकायत के बाद भेजा गया है। अडाणी समूह की कंपनी अडाणी एनर्जी सॉल्युशंस लिमिटेड ने इस बात की जानकारी दी है। दरअसल कंपनी के कुछ निवेशकों ने गलत तरीके से पब्लिक शेयरहोल्डिंग को कैटेगराइज्ड करने का आरोप लगाया है। कंपनी ने अपनी दूसरी तिमाही के नतीजों की टिप्पणी में विवरण दिए बिना कहा कि वह नियामक और वैधानिक अधिकारियों को इस मामले पर स्पष्टीकरण और जानकारी देगा। समूह की रिन्यूबल एनर्जी फर्म अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को सेबी से कोई नया नोटिस नहीं मिला है। एईएसएल ने कहा` कि चालू तिमाही के दौरान कुछ पक्षों की शेयरधारिता को सार्वजनिक शेयरधारिता के रूप में गलत तरीके से वर्गीकृत करने का आरोप लगाते हुए कारण बताओ नोटिस मिला है। कंपनी ने कहा कि वह समय-समय पर जानकारी, प्रतिक्रिया, दस्तावेज या स्पष्टीकरण देकर विनियामक और वैधानिक प्राधिकरणों को जवाब देगी। सेबी के सूचीबद्धता नियम के अनुसार सूचीबद्ध कंपनी में कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सेदारी सार्वजनिक निवेशकों के पास होनी चाहिए। अडाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से सात को 31 मार्च को समाप्त तिमाही में संबंद्ध पक्ष लेनदेन के कथित उल्लंघन और सूचीबद्धता नियमों का पालन न करने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से कारण बताओ नोटिस मिला था। अडाणी एनर्जी सॉल्युशंस के शेयरों ने निवेशकों को अच्छा रिटर्न नहीं दिया है। इस स्टॉक ने पिछले एक साल में शेयरधारकों का 35 फीसदी का रिटर्न दिया है। अक्टूबर 2023 में कंपनी के शेयरों का भाव 735 रुपये था और अब कीमत 1000 रुपये प्रति शेयर है।

जेपी मॉर्गन चेस बैंक इंडिया ने प्रणव चावड़ा को मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया

मुंबई ।

जेपी मॉर्गन चेस बैंक इंडिया ने प्रणव चावड़ा को अपना मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की बुधवार को घोषणा की। अमेरिकी बैंकिंग प्रमुख जेपी मॉर्गन की इकाई ने कहा कि उसे भारत में बैंकिंग इकाई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में चावड़ा की नियुक्ति के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी मिल गई है। आधिका रिक बयान के अनुसार चावड़ा 2019 में जेपी मॉर्गन में शामिल हुए और वाणिज्यिक बैंकिंग खंड का नेतृत्व किया। अब उनकी जिम्मेदारियों का विस्तार किया जा रहा है और वह कॉर्पोरेट बैंकिंग इकाई का भी नेतृत्व करेंगे। जेपी मॉर्गन के एशिया प्रशांत के उपाध्यक्ष कौस्तुभ कुलकर्णी का कहना है कि हमारी बैंकिंग इकाई के सीईओ के रूप में प्रणव का अनुभव तथा स्थानीय बाजार की गहरी समझ उन्हें कॉर्पोरेट बैंकिंग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम बनाएगी।

वेदांता रिसोर्सेज ने टैप इश्यू के उपयोग से जुटाए 30 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली । मुंबई स्थित खनन समूह वेदांता लिमिटेड की मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज ने मौजूदा बॉन्ड निर्गम पर टैप इश्यू का उपयोग कर 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। टैप इश्यू एक ऐसी प्रक्रिया है जो कंपनियों को पिछले निर्गम से बॉण्ड या अन्य अल्पकालिक ऋण उपकरण जारी करने की अनुमति देती है। वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी वेदांता रिसोर्सेज फाइनेंस-2 पीएलसी (वीआरएफ) ने सिंगापुर एक्सचेंज को दी गई सूचना में बताया कि उसने सितंबर में जारी होने वाले 90 करोड़ अमेरिकी डॉलर के बॉन्ड पर टैप इश्यू' विकल्प का इस्तेमाल किया है, जिससे 9.99 प्रतिशत की दर से 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर और जुटाए जा सकेंगे। इस तरह उसने अपनी नगदी प्रबंधन प्रक्रिया जारी रखी है। वेदांता के एक अे धिकारी ने कहा कि कंपनी सितंबर 2024 में हमारे 90 करोड़ डॉलर के बॉण्ड जारी करने के तुरंत बाद अपनी टैप' पेशकश को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से काफी खुश है। वेदांता रिसोर्सेज ने सितंबर में मौजूदा बॉन्ड का पूर्व भुगतान करने के लिए दो साल से अधिक समय में अपने पहले डॉलर बॉन्ड निर्गम में 90 करोड़ डालर जुटाए थे।

जीजेसी 'एक राष्ट्र एक स्वर्ण दर' लागू करने की दिशा में कर रही काम

- खुदरा विक्रेताओं को मनाने का किया जा रहा है प्रयास

नई दिल्ली । अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने घोषणा की कि वह 'एक राष्ट्र एक स्वर्ण दर' को लागू करने की दिशा में काम कर रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य देश में सोने की कीमतों को मानकीकृत करना है, क्योंकि वर्तमान में ये कीमतें विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न हैं। जीजेसी के एक अधिकारी ने कहा कि हम एक ही दर पर सोना आयात करते हैं, लेकिन घरेलू खुदरा कीमतें एक शहर से दूसरे शहर में अलग होती हैं। हम चाहते हैं कि पूरे देश में एक समान दर लागू हो। यह बयान उन्होंने 22 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक चलने वाले वार्षिक स्वर्ण महोत्सव 'लकी लक्ष्मी' के लॉन्च के मौके पर दिया। जीजेसी ने अपने सदस्यों के साथ पहले ही 50 से अधिक बैठकें आयोजित की हैं और इस पहल के लिए 8,000 सुनारों को एक साथ लाने में सफलता हासिल की है। इसके अलावा परिषद ने इस मुद्दे पर सरकार को सुझाव भी दिए हैं और उद्योग के हितधारकों को समझाने की कोशिशें जारी हैं।

जिंदल पैंथर सीमेंट 2,160 करोड़ रुपए का निवेश करेगी

नई दिल्ली ।

नवीन जिंदल समूह की कंपनी जिंदल पैंथर सीमेंट ने अपनी उत्पादन क्षमता को 7 मिलियन टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने के लिए 2,160 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की। इस विस्तार के तहत कंपनी ओडिशा के अंगुल में 1.5 एमटीपीए की नई सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट स्थापित करेगी, जिससे उत्पादन की संभावनाओं में वृद्धि होगी। इस नई यूनिट में जिंदल स्टील एंड पावर के अंगुल स्थित प्लांट से 1 एमटीपीए ब्लास्ट फर्नेस स्लैग का उपयोग किया जाएगा। ब्लास्ट फर्नेस स्लैग स्टील निर्माण का उप-उत्पाद है और इसका उपयोग सीमेंट बनाने में किया जाता है। इस विस्तार को अगले चार वर्षों में पूरा करने की योजना है। जिंदल समूह के पास पहले से ही छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में 1 एमटीपीए की सीमेंट यूनिट है, जहां से जिंदल पैंथर ब्रांड के तहत सीमेंट बेचा जाता है। अंगुल और रायगढ़ में कुल मिलाकर 7 एमटीपीए की उत्पादन क्षमता का विस्तार कंपनी की सीमेंट उद्योग में उपस्थिति को और मजबूत करेगा और क्षेत्र की बुनियादी ढांचे की मांग को पूरा करने के लिए टिकाऊ निर्माण सामग्री प्रदान करेगा। जिंदल पैंथर सीमेंट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अंगुल ग्राइंडिंग यूनिट का चालू होना भविष्य की ओर एक बड़ा कदम है। हमारा कम-कार्बन सीमेंट और नया वितरण मॉडल पूर्वी भारत के बुनियादी ढांचे की वृद्धि में मदद करेगा और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देगा। इस बीच अदाणी परिवार के स्वामित्व वाली अंबुजा सीमेंट्स ने हाल ही में ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड में 46.8 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए 8,100 करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सौदा सीमेंट उद्योग में अदाणी समूह की स्थिति को और मजबूत करेगा। जिंदल पैंथर सीमेंट का यह नया निवेश भारत के निर्माण क्षेत्र में विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

लगातार तीसरे दिन लाल हुआ बाजार

आईटी शेयरों ने बचाई लाज

मुंबई ।

भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट दिखाई दी। विदेशी निवेशकों (एफपीआई) की ओर से जमकर शेयरों की बिकवाली, चीन की तरफ उनके झुकाव और मिडिल-ईस्ट तनाव के बीच सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट नहीं थम सकी। इसके अलावा, अमेरिका में आगामी 5 नवंबर को हो रहे राष्ट्रपति चुनाव को लेकर बनी अनिश्चितता से भी निवेशकों में घबराहट दिखाई दी। हालांकि, आईटी शेयरों ने बड़ी गिरावट से बचाने में कामयाबी हासिल की। बीएसई का बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स बुधवार को 138.74 अंक की गिरावट के साथ 80,081.98 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 50 36.60 अंक लुढ़ककर 24,435.50 के लेवल पर बंद हुआ। बुधवार को बाजार में निफ्टी आईटी एक मात्र ऐसा सेक्टर रहा जो 1 प्रतिशत से ज्यादा की उछाल दर्ज कर सका। चूंकि, भारतीय शेयर बाजार में आईटी और बैंकिंग शेयरों का वजन ज्यादा होता है, इसकारण अगर ये सेक्टर बढ़ते हैं,तब बाजार को मजबूती मिलती है।

इसके अलावा, निफ्टी एफएमसीजी (0.16 प्रतिशत), निफ्टी मीडिया (0.33प्रतिशत), निफ्टी पीएसयू बैंक (0.45 प्रतिशत), निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (0.7प्रतिशत) और फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर हरे निशान में बंद हुए। मगर खास बढ़त देखने को नहीं मिली। सबसे बड़ी गिरावट बुधवार को फार्मा सेक्टर में दिखाई दी। फार्मा सेक्टर के शेयर बुधवार को ओवरआल 1.56 प्रतिशत तक गिर गए। जबकि, अन्य सेक्टर्स में 1 प्रतिशत से कम की गिरावट देखने को मिली। बुधवार को 30 शेयरों वाले सेंसेक्स पर बजाज फाइनेंस के शेयर ने सबसे बड़ी, 4.95 प्रतिशत की उछाल दर्ज की। बजाज फाइनेंस का शेयर बुधवार को 7007.95 रुपये पर बंद हुए। गौरतलब है कि एनबीएफसी कंपनी ने 22 अक्टूबर को ही दूसरी तिमाही के नतीजे घोषित किए थे। इसके अलावा, टेक महिंद्रा, टीसीएस,एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेंक, बजाज फिनसर्व, इंफोसिस और कोटक बैंक के शेयर ही बढ़त के साथ बंद हुए। इसी तरह 50 शेयरों वाले निफ्टी-50 में सिर्फ 18 शेयर बढ़त बनाने में कामयाब रहे। निफ्टी-50 के टॉप गेनर स्टॉक्स में टॉप-5 में बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाटा कंज्यूमर, बजाज ऑटो और ,एचडीएफसी बैंक जगह बनाने में कामयाब रहे। वहीं सबसे बड़ी,

3.23 प्रतिशत की गिरावट, महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में देखने को मिली। इसके अलावा, सनफार्मा, पावरग्रिड, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, एलएंडटी, आईसीआईसीआई बैंक , टाइटन, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, जेएस डब्ल्यू स्टील, नेस्ले इंडिया के शेयर 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ बंद हुए।

ग्लोबल मार्केट

एशियाई बाजारों में सियोल, शंघाई और हांगकांग उच्च स्तर पर बंद हुए, जबकि टोक्यो में गिरावट दर्ज की गई। यूरोपीय बाजारों में मिलाजुला रुख देखने को मिला, जबकि मंगलवार को अमेरिकी बाजार सपाट बंद हुए। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.97 प्रतिशत गिरकर 75.30 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.07 पर बंद हुआ रुपया

मुंबई । रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.07 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट के रुख और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी भारतीय मुद्रा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया एक पैस की बढ़त के साथ 84.07 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में स्थिर रहा। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.08 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 103.97 पर रहा।

इस दिवाली गहनों की खरीदारी में कमी आने का अनुमान

- दिवाली के त्योहार से पहले ही सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर

नई दिल्ली ।

इस साल दिवाली पर गहनों की खरीदारी को लेकर बाजार विशेषज्ञों का अनुमान है कि मांग में 10 से 12 फीसदी की कमी आएगी। धनतेरस के अवसर पर सोने और चांदी की बिक्री में गिरावट की संभावना को देखते हुए थोक और खुदरा विक्रेताओं ने भी इसी प्रकार की चिंताओं का इज़हार किया है। विश्लेषकों का कहना है कि, भले ही सीमा शुल्क कम हुआ है, लेकिन दिवाली के त्योहार से पहले सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुँच गई हैं। वर्तमान में दिल्ली सराफा बाजार में सोने की कीमत लगभग 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम को पार कर गई है। इतनी ऊंची कीमतों पर गहनों की खरीदारी करना ग्राहकों के लिए आसान नहीं होगा। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सुवनकर सेन ने कहा, इस साल पिछले धनतेरस के मुकाबले मात्रा के लिहाज से बिक्री में 10-12 प्रतिशत की गिरावट की उम्मीद है। हालाँकि, मूल्य के आधार पर बिक्री में 12-15 प्रतिशत की वृद्धि संभव है। इस बार वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते सोने की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। बाजार के विश्लेषकों का कहना है कि बढ़ती कीमतों के कारण उपभोक्ताओं की रुचि कम हो गई है। हालांकि, निवेशक समय के साथ ऊँची कीमतों के आदी हो जाते हैं और भविष्य में मांग फिर से बढ़ सकती है।

उद्योग पिछले साल के स्तर पर पहुँचने की उम्मीद कर रहा है। वहीं बताया जा रहा है कि दूसरी तिमाही के दौरान ग्राहकों की अच्छी संख्या को देखते हुए हम त्योहारों के दौरान बिक्री के लिए आशान्वित हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी यह उल्लेख किया कि हालाँकि कीमतें उच्चतम स्तर पर पहुँच गई हैं, लेकिन त्योहारों के कारण सोने की खरीदारी में उछाल आने के संकेत मिल रहे हैं।

इस प्रकार इस दिवाली गहनों की बिक्री में गिरावट की उम्मीद के बावजूद, कुछ विक्रेता त्योहारों के दौरान सकारात्मक प्रतिक्रिया की आशा कर रहे हैं।

पेटीएम को नए यूपीआई यूजर्स जोड़ने के लिए एनपीसीआई से मंजूरी मिली

- पेटीएम ने बंबई स्टॉक एक्सचेंज को सूचित कर दिया है

नई दिल्ली । भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने पेटीएम को नए यूपीआई उपयोगकर्ताओं को जोड़ने की मंजूरी दे दी है। पेटीएम ने बंबई स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि 22 अक्टूबर 2024 के पत्र के माध्यम से, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने सभी एनपीसीआई प्रक्रियात्मक दिशानिर्देशों और परिपत्रों के पालन के साथ कंपनी को नए यूपीआई उपयोगकर्ताओं को जोड़ने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने इसके साथ ही एनपीसीआई द्वारा जारी किया गया मंजूरी पत्र भी लगाया है। पत्र के अनुसार यह अनुमोदन एनपीसीआई द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सभी प्रक्रियात्मक दिशानिर्देशों और परिपत्रों के पालन के अधीन है, जिसमें विशेष रूप से जोखिम प्रबंधन, ऐप और क्यूआर के लिए ब्रांड दिशानिर्देश, बहु-बैंक दिशानिर्देश, टीपीएपी बाजार हिस्सेदारी और ग्राहक डेटा पर जारी दिशानिर्देश और परिपत्र शामिल हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में वापसी के लिए उतरेगी टीम इंडिया

पुणे (एजेंसी)। पहले टेस्ट मैच में अप्रत्याशित हार से आहत भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में वापसी करने के लिए गुरुवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में संतुलित टीम चयन करना होगा। पहले टेस्ट में भारत की पहली पारी महज 46 रन पर सिमट गई, जबकि दूसरी पारी में सुधार के बावजूद टीम को आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

इस हार के कारण भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में कुछ अंक गंवाने पड़े हैं, और आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले टीम की प्राथमिकता न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पुणे के एमसीए स्टेडियम की पिच को भारतीय परिस्थितियों के अनुसार तैयार किया गया है, जिसमें घास नहीं है और यह काली मिट्टी से बनी है, जिससे न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को बेंगलुरु जैसी उछाल नहीं मिलेगी।

पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों विलियम ओरूर्के, मैट हेनरी और टिम साउदी ने भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया। भारत टर्निंग विकेट तैयार कर सकता है, लेकिन इस पर ध्यान देना जरूरी है, क्योंकि अतीत में ऐसा दांव उल्टा भी पड़ चुका है। उदाहरण के लिए, ऑस्ट्रेलिया ने आठ साल पहले इसी पिच पर भारत को 333 रन से हराया था।

टीम में कुछ बदलाव की उम्मीद है। शुभमन गिल वापसी के लिए तैयार हैं, और केएल राहुल या सरफराज खान में से किसी एक को उनके लिए जगह बनानी होगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर राहुल को अधिक मौके देने के पक्ष में हैं, जबकि सरफराज ने बेंगलुरु में 150 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की है। भारतीय टीम को सीनियर बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद है। कोहली ने 2019-20 के सत्र में यहां 254 रन की नाबाद पारी खेली थी और वह उस प्रदर्शन से प्रेरणा लेना चाहेंगे।

भारत की गेंदबाजी भी चिंता का विषय है, खासकर तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के निरंतर खराब प्रदर्शन के कारण। टीम प्रबंधन आकाशदीप को मौका देने पर विचार कर सकता है। दूसरी तरफ, अगर पिच से स्पिन गेंदबाजों को मदद मिलती है, तो रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा इसका पूरा फायदा उठाने के लिए तैयार रहेंगे। न्यूजीलैंड की टीम भी पहले टेस्ट में रचिन रविंद्र के शतक के बाद अन्य बल्लेबाजों से उपयोगी योगदान की उम्मीद कर रही है। भारतीय टीम को वापसी करने के लिए इस मैच में अपनी पूरी ताकत लगानी होगी।

टीम

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, वाशिंगटन सुंदर।

न्यूजीलैंड : टॉम लैथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, मार्क चैपमैन, विल यंग, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर, रचिन रवींद्र, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), अजाज पटेल, मैट हेनरी, टिम साउदी,, विलियम ओरूर्के, जैकब डफी।

एमएस धोनी आईपीएल 2025 में खेलेंगे या नहीं? सस्पेंस बरकरार, मेगा ऑक्शन से पहले करेंगे सीएसके के साथ मीटिंग

नई दिल्ली (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान और दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज एमएस धोनी आईपीएल 2025 में खेलेंगे या नहीं, फिलहाल अभी ये कंफर्म नहीं हुआ है। धोनी रिटेंशन डेडलाइन से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के साथ मीटिंग करेंगे। जिसके बाद फ्रेंचाइजी कोई फैसला करेगी। फिलहाल, धोनी की कप्तान में सीएसके ने पांच आईपीएल ट्रॉफी जीती हैं। लेकिन आईपीएल 2024 में उन्होंने कप्तानी छोड़ दी थी जिसके बाद ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तानी मिली।

स्पोर्ट्स तक ने सीएसके के एक करीबी सूत्र के हवाले से बताया कि सीएसके मैनेजमेंट ने 43वर्षीय धोनी से संपर्क किया, जिसके बाद पता चला कि वह 28 अक्टूबर तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में धोनी के सीएसके अधिकारियों से 29 या 30 अक्टूबर तक मिलने की उम्मीद है और फिर रिटेंशन को अंतिम रूप दिया जाएगा। सभी फ्रेंचाइजियों को 31 अक्टूबर तक रिटेंसन लिस्ट जारी करनी है। वहीं एक टीम पांच खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। जबकि एक खिलाड़ी के लिए ऑक्शन में आरटीएम यानी राइट टू मैच कार्ड इस्तेमाल किया जा सकता है।

एक फ्रेंचाइजी के पास ज्यादा से ज्यादा 6 खिलाड़ियों को रिटेन करने का मौका है। टीम ज्यादा से ज्यादा 4 कैप्ड और 2 अनपैक्ड प्लेयर को रिटेन कर सकती है। जिन भारतीय खिलाड़ियों ने कम से कम पांच कैलेंडर वर्ष में कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है उन्हें अनकैप्ड माना जाएगा।

आईसीसी रैंकिंग : टेस्ट में विराट कोहली से आगे निकले ऋषभ पंत

दुबई (एजेंसी)। ऋषभ पंत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बल्लेबाजों के लिए टेस्ट रैंकिंग में अपने सुपरस्टार भारतीय साथी विराट कोहली को पीछे छोड़कर छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 99 रन बनाए थे जिससे उन्हें रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा हुआ। दूसरी तरफ कोहली 70 रन बनाने के बावजूद एक पायदान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं।

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने हुए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दो पायदान नीचे गिरकर श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र (36 पायदान ऊपर 18वें स्थान पर) और डेवोन कॉनवे (12 पायदान ऊपर 36वें स्थान पर) ने बल्लेबाजी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई जबकि उनके साथी मैट हेनरी (दो पायदान ऊपर नौवें स्थान पर) गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं।

महिला एक दिवसीय: भारत और न्यूजीलैंड आज आमने-सामने

–वनडे विश्व कप की तैयारी शुरू करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

अहमदाबाद (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अब न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला से अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी कर रही है। तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला 24 अक्टूबर को होगा, दूसरा 27 और तीसरा 29 को खेला जाएगा। तीनों मुकाबले अहमदाबाद में ही खेले जाएगें। इसमें टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर की कप्तानी भी दांव पर लगी हुई है।

हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, जहां वे ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई थीं। हरमनप्रीत ने इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के लिए सर्वाधिक रन बनाए, फिर भी उनकी कप्तानी की आलोचना की गई। ऐसे में इस श्रृंखला में उनके प्रदर्शन और नेतृत्व की परीक्षा होगी। हरमनप्रीत के लिए यह श्रृंखला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें अपने खेल और टीम को एक नई दिशा देने की आवश्यकता है। टीम के सामने चुनौती यह होगी कि वे न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर सकें। कीवी टीम ने हाल ही में टी20 विश्व कप जीतकर आत्मविश्वास हासिल किया है, और वे अपने विजय अभियान को जारी रखना चाहेंगी। इस श्रृंखला में भारतीय टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष की सेवाएं नहीं मिलेंगी, जो अपनी 12वीं की परीक्षा के कारण अनुपस्थित रहेंगी। इसके अलावा, अनुभवी ऑलराउंडर आशा सोबना भी चोटिल होने के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं, और तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर भी पिछले टूर्नामेंट में चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं।

भारतीय टीम में नए चेहरों के तौर पर तेजल हसब्निस, साइमा ठाकोर, और प्रिया मिश्रा को शामिल किया गया है, जो युवा प्रतिभाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। टीम की सफलता काफी हद तक सलामी बल्लेबाजों शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। ये दोनों बल्लेबाज पिछले विश्व कप में निरंतरता नहीं दिखा पाईं, लेकिन इस बार उनके ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी होगी। कप्तान हरमनप्रीत और जेमिमा रोड्रिग्स को मध्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी, विशेषकर तब जब टीम को रिचा घोष की कमी खलेगी। यह श्रृंखला नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेली जाएगी, और सभी खिलाड़ियों की नजरें एक सफल अभियान पर होंगी।

टीम इस प्रकार हैं

भारत : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, डी हेमलता, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), सयाली सतगारे, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, तेजल हसब्निस, साइमा ठाकोर, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल।

न्यूजीलैंड: सोफी डिवाइन (कप्तान), सुजी बेट्स, एडेन कार्सन, लॉरेन डाउन, इज़ी गेज़ (विकेटकीपर), मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, पॉली इंगलिस (विकेटकीपर), फ्रान जोनास, जेस केर, मेली केर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहु।

रोहित शर्मा का रिकॉर्ड टूटा, सिकंदर रजा ने 33 गेंदों पर ठोका टी20 का सबसे तेज शतक

खेल डैस्क । सिकंदर रजा ने बुधवार को गाम्बिया के खिलाफ टी20 मैच में रिकॉर्डतोड़ शतक जड़कर इतिहास रच दिया। जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप सब रीजनल अफ्रीका क्वालीफायर ग्रुप बी मैच में 33 गेंदों में शतक बनाया, जो टेस्ट खेलने वाले देश के किसी खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सबसे तेज शतक है। कप्तान रजा ने आगे बढ़कर अपनी टीम का नेतृत्व किया और अपनी नाबाद 133 रन की पारी के दौरान पार्क के चारों ओर गाम्बिया के गेंदबाजों की धुनाई की। उन्होंने 43 गेंदों की पारी में 7 चौके और 15 छक्के लगाए।

भारत एक मजबूत टीम, जो किसी के सामने झुकना नहीं चाहती : ब्रेट ली

सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने भारतीय टीम को एक ऐसी 'मजबूत टीम' बताया है जो किसी के सामने झुकना नहीं चाहती। उन्होंने साथ ही अपने हमवतन खिलाड़ियों को आगाह किया जो आगामी पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में टीम इंडिया से भिड़ेंगे। बेंगलुरू में पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की आठ विकेट की हार के बाद ली की यह प्रतिक्रिया आई है। भारत की नजरें लगातार तीसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी हैं और टीम बोर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में अपने खिताब की रक्षा के लिए अगले महीने ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। ली ने कहा, 'आज के दिन और पीढ़ी में भारत शक्तिशाली टीम है जो किसी के सामने झुकना नहीं चाहती। उन्हें पता है कि कैसे जीत दर्ज करनी है और उन्हें पता है कि वे ऑस्ट्रेलिया को कैसे हरा सकते हैं। उन्हें पता है कि वे न्यूजीलैंड को कैसे हरा सकते हैं। उन्हें पता है कि वे किसी भी दिन किसी भी टीम को हरा सकते हैं।' बेंगलुरू टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के प्रदर्शन पर ली ने कहा कि उन्हें लगता है कि वे शायद 'बैजबॉल' (बेहद आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) से प्रभावित हो गए थे जिसके कारण कुछ खराब शॉट खेले। ली ने कहा, 'भारत रक्षात्मक होकर नहीं खेलना चाहता। शायद बैजबॉल दुनिया भर के अन्य क्रिकेटरों को भी प्रभावित कर रहा है।' उन्हेंने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत जिस तरह खेला उस पर उन्हें गर्व नहीं होगा। उन्होंने कुछ बेहद ढीले शॉट खेले।'

पेनल्टी कॉर्नर बना कमजोर कड़ी, युवा जर्मन टीम से हारी भारतीय हॉकी टीम

नई दिल्ली (एजेंसी)। आठ पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक मिलने के बावजूद गोल नहीं कर सकी भारतीय हॉकी टीम को दिल्ली में एक दशक बाद हो रहे अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच में जर्मनी की युवा टीम ने बुधवार को 2.0 से हरा दिया।

मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर 11 साल बाद हो रहे इस मुकाबले में जर्मनी का पलड़ा पहले से आखिरी मिनट तक भारी रहा जिसने भारतीय टीम को पूरे समय दबाव में रखा। पेरिस ओलंपिक में दस गोल करने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह सीनियर स्तर पर इस मैदान पर अपने पहले मैच में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल नहीं कर सके जबकि सर्कल के भीतर स्ट्राइकर किसी मूव को अंजाम तक नहीं पहुंचा पाए।

जर्मनी के लिए हेनरिक मर्टजेंस (तीसरा मिनट) और कप्तान लुकास विंडफेडर (30वां) ने गोल दागे। जर्मन गोलकीपर जोशुआ एन ओंयेकवू ने भारत के हर वार को नाकाम किया और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में शुमार हरमनप्रीत को भी खामोश रखा। दिल्ली में बरसों बाद मैच देखने के लिये सप्ताह के बीच और दिन में खेल होने के बावजूद मैदान पर जमा छह से सात हजार दर्शकों को भारत के प्रदर्शन से निराशा हाथ लगी।

विश्व कप और राष्ट्रमंडल खेल 2010 के अलावा एशियाई खेल 1982 के कई शानदार मुकाबलों के गवाह रहे इस स्टेडियम पर यह बिल्कुल ही एकतरफा मैच था। आधे से ज्यादा युवा खिलाड़ियों के साथ आई जर्मन टीम ने तीसरे ही मिनट में हेनरिक मर्टजेंस के गोल के दम पर बढ़त बना ली। इसके चार मिनट बाद जर्मनी को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारत के रेफरल पर उसे खारिज कर दिया गया।

भारत को आठवें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सुखजीत सिंह गोल करने में नाकाम रहे। पहले क्वार्टर में जर्मनी ने एक गोल से बढ़त बना ली थी। दूसरे क्वार्टर में भारत को चार पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला लेकिन गोल नहीं हो सका। क्वार्टर के छठे मिनट में मनप्रीत सिंह ने संजय को अच्छा पास दिया जिसने दिलप्रीत सिंह को गेंद सौंपी लेकिन उनका शॉट बाहर से निकल गया। अगले मिनट भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन संजय गोल नहीं कर सके।

भारत को 25वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर अनुभवी अमित रोहिदास चूके तो 26वें मिनट में मिले दो पेनल्टी कॉर्नर हरमनप्रीत ने गंवाए। भारत को 27वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर दिलप्रीत ने रिबाउंड पर गोल कर दिया था लेकिन जर्मनी ने रेफरल लिया जिसके बाद भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। हरमनप्रीत के सीधे शॉट को जब जर्मन गोलकीपर ने रोका तो दर्शकों को विश्वास ही नहीं हुआ। जर्मनी को दूसरे क्वार्टर के आखिरी मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को लुकास ने गोल में बदला।

हाफटाइम तक जर्मनी के पास दो गोल की बढ़त थी। तीसरे क्वार्टर में भी भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति गेंद को फिनिशिंग तक पहुंचाने में नाकाम रही। भारत को मिडफील्ड में हार्दिक सिंह की कमी बहुत खली जो चोट के कारण बाहर हैं। भारतीय टीम को 40वें मिनट में फिर दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन जर्मनी की टीम पूरी तैयारी के साथ आई थी और मेजबान को कामयाबी हाथ नहीं लगने दी। इस बीच अगले मिनट में पलटवार पर जर्मनी ने पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन कृशन बहादुर सिंह ने उसे बचा लिया। भारत और जर्मनी कल दूसरा और आखिरी मैच यहीं खेलेंगे।

मुशिफकुर रहीम ने बनाए बांग्लादेश के लिए ऐतिहासिक रिकॉर्ड

ढाका । विकेटकीपर–बल्लेबाज मुशिफकुर रहीम ने बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम से खेलते हुए 24 साल पूरे कर लिए हैं, और इस दौरान उन्होंने क्रिकेट में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। दिलचस्प बात यह है कि इतने ही साल भारतीय दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने भी खेला था। वर्तमान में, मुशिफकुर ने 93 टेस्ट मैच खेले हैं और हाल ही में ढाका के मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान एक नया मील का पत्थर हासिल किया है। मुशिफकुर रहीम टेस्ट क्रिकेट में 6,000 रन तक पहुंचने वाले बांग्लादेश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। यह उपलब्धि उनके करियर का एक महत्वपूर्ण क्षण है और यह दर्शाता है कि उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट में कितना बड़ा योगदान दिया है। बांग्लादेश के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज तमीम इकबाल हैं, जिन्होंने 70 टेस्ट (134 पारियों) में 5,134 रन बनाए हैं। वहीं, शाकिब अल हसन और मोमिनुल हक क्रमश: 4,609 और 4,269 रन के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। मुशिफकुर रहीम ने 2005 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और तब से वह इस प्रारूप में बांग्लादेश के लिए एक मजबूत स्तंभ बने रहे हैं। उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बात करें, तो यह श्रीलंका के खिलाफ आया है, जहाँ उन्होंने 17 टेस्ट मैचों (30 पारियों) में 1,346 रन बनाए हैं, जिसमें 3 शतक भी शामिल हैं। इसके अलावा, मुशिफकुर ने भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ भी 500 से अधिक रन बनाए हैं, जो उनकी बल्लेबाजी कौशल का एक और प्रमाण है। मुशिफकुर की यह उपलब्धि बांग्लादेश क्रिकेट के लिए एक गर्व का क्षण है, और उनकी यात्रा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उनकी मेहनत और समर्पण ने उन्हें बांग्लादेश क्रिकेट का एक प्रमुख चेहरा बना दिया है।

बॉर्डर–गावस्कर श्रृंखला को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं : पैट कमिंस



पर्थ । ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उनकी टीम भारत के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला में अपनी गलतियों को सुधारने के लिए तैयार है। यह श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी, जिसमें दोनों टीमों के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। कमिंस ने इस बात पर जोर दिया कि ऑस्ट्रेलिया को एक दशक बाद ट्रॉफी अपने नाम करने का लक्ष्य है, खासकर जब से भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो श्रृंखलाएं जीती हैं। कमिंस ने कहा, हमने एक ब्रेक लिया था और अब इस श्रृंखला को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। भारत के खिलाफ पिछली कुछ टेस्ट श्रृंखलाओं में हमें किस्मत का साथ नहीं मिला, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में खेलना हमारे लिए हमेशा गर्व की बात है। उन्होंने याद दिलाया कि भारत ने 2020–21 में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती थी, जब ऋषभ पंत ने गाबा में शानदार 89 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई थी। उस श्रृंखला में भारतीय टीम पहले टेस्ट में केवल 36 रन पर आउट हुई थी। कमिंस ने कहा, पिछली दो श्रृंखलाएं काफी पहले खेली गई थीं, इसलिए हमें उन्हें भुलाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने के दौरान प्रशंसकों और मीडिया की अपेक्षाएं बहुत अधिक होती हैं। पिछले मैच कठिन थे, खासकर गाबा में आखिरी सत्र में। हम जीत नहीं सके, लेकिन इस बार हम अपनी गलतियों को सुधारने पर ध्यान देंगे। उन्होंने ऋषभ पंत को भारत का एक्स फैक्टर कहा, यह कहते हुए कि उनका फोकस अपनी टीम की गलतियों को सुधारने पर है। कमिंस ने कहा, ऋषभ ने पिछली बार शानदार प्रदर्शन किया था। वह मध्यक्रम में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं और विकेट के पीछे वह हमेशा बोलते रहते हैं, जो हमारे लिए हंसी का कारण बनता है। जब शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल के बारे में पूछा गया, तो कमिंस ने कहा, मैंने शुभमन के खिलाफ खेला है, लेकिन जायसवाल को ज्यादा खेलते नहीं देखा। दोनों युवा खिलाड़ी हैं और विभिन्न प्रारूपों में अच्छी पारी खेल चुके हैं। अभी श्रृंखला में समय है, इसलिए मैं अभी रणनीति के बारे में कुछ नहीं कह सकता। कमिंस का यह बयान आगामी श्रृंखला के प्रति उनकी तैयारियों और रणनीतियों की दिशा में संकेत करता है, जिससे क्रिकेट प्रशंसकों में उत्साह बढ़ गया है।

आमिर खान की दंगल ने 2,000 करोड़ कमाए, लेकिन मेरे परिवार को केवल 1 करोड़ मिले : बबीता फोगट

नई दिल्ली (एजेंसी)। बबीता फोगट ने हाल ही में ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दंगल' से अपने परिवार को मिली कमाई के बारे में एक चौंकाने वाला खुलासा किया। फोगट परिवार की वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित इस फिल्म ने दुनिया भर में लगभग 2,000 करोड़ रुपए कमाए। हालांकि, बबीता ने खुलासा किया कि उनके परिवार को मुआवजे के तौर पर केवल 1 करोड़ रुपए मिले।

एक साक्षात्कार में बबीता ने यह चौंकाने वाली जानकारी साझा की जिससे एंकर हैरान रह गए। बातचीत के दौरान, एंकर ने यह पूछकर राशि की पुष्टि की, 'दंगल से कमाए गए 2,000 करोड़ रुपये में से, फोगट परिवार को केवल 1 करोड़ रुपए मिले?' पहलवान से राजनेता बनीं बबीता ने सिर हिलाकर और दृढ़ता से ÷हां÷ कहकर इसकी पुष्टि की। इसके अलावा, जब उनसे पूछा गया कि क्या इससे उन्हें निराशा हुई, तो बबीता ने अपने पिता महावीर फोगट द्वारा सिखाए गए मूल्यों को दर्शाते हुए एक शालीन जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'नहीं, पापा ने एक चीज कहीं थी कि लोगों का प्यार और सम्मान चाहिए।'

23 दिसंबर, 2016 को रिलीज हुई दंगल का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया था जिसमें आमिर खान ने न केवल महावीर फोगट की मुख्य भूमिका निभाई थी, बल्कि फिल्म के सह-निर्माता भी थे। इसमें महावीर फोगट की यात्रा को दर्शाया गया है, जो एक पूर्व पहलवान हैं जिन्होंने अपनी बेटियों गीता और बबीता फोगट को विश्व स्तरीय पहलवान बनने के लिए प्रशिक्षित किया।

बबीता फोगट का कुश्ती करियर शानदार रहा है। उन्होंने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता और 2014 में स्वर्ण पदक जीता। 2012 में उन्होंने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता जिससे खेल में उनका नाम और मजबूत हुआ। उन्होंने 2016 के रियो ओलंपिक में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया, हालांकि वह पोडियम पर जगह बनाने में विफल रहीं। 2019 में बबीता ने पेशेवर कुश्ती से संन्यास ले लिया और राजनीति में कदम रखा जिससे उनकी सार्वजनिक सेवा की यात्रा जारी रही।



संजू सैमसन के साथ इन खिलाड़ियों को रिटेन करेगा राजस्थान रॉयल्स, युजवेंद्र चहल के लिए बनाई गई ये योजना

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 से पहले खिलाड़ियों के रिटेंशन को लेकर चारों तरफ काफी चर्चा चल रही है। कहा जा रहा है कि अगले महीने आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन का आयोजन होगा। वहीं 31 अक्टूबर तक सभी फ्रेंचाइजियों को रिटेंशन लिस्ट बीसीसीआई को सौंपनी है। इसी कड़ी में राजस्थान रॉयल्स ने भी अपनी रिटेंशन लिस्ट तैयार कर ली है। जिसमें टीम के कप्तान संजू सैमसन ओपनर यशस्वी जायसवाल और ऑलराउंडर रियान पराग को रिटेन किया जा सकता है। राजस्थान ने एक बार फिर से राहुल द्रविड़ को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। साथ ही माना जा रहा है कि उनके आने के बाद इस टीम में कई बदलाव देखने को मिल सकते हैं। द्रविड़ के आने के बाद राजस्थान को उम्मीद है कि उनकी देखरेख में ये टीम दोबारा आईपीएल विजेता बनेगी। वहीं इंडिया टुडे के अनुसार, इस सीजन के लिए राजस्थान संजू, यशस्वी और रियान पराग को पक्का रिटेन कर सकती है। इस पर सहमति भी बन चुकी है। इन तीनों खिलाड़ियों ने इस टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है और तीनों टीम इंडिया का भी हिस्सा हैं।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

वेट्टैयन के फिसड्डी साबित होने पर घाटे की भरपाई करेंगे रजनीकांत?

रजनीकांत की नवीनतम रिलीज वेट्टैयन बॉक्स ऑफिस की उम्मीदों से मेल खाने में विफल रही है। दिलचस्प स्टार कास्ट के साथ रजनीकांत और अमिताभ बच्चन को एक साथ लाने के बावजूद फिल्म अपने पहले सप्ताह के अंत में दुनिया भर में केवल 207 करोड़ रुपये ही जुटा सकी। अब, ऐसी खबरें सामने आई हैं कि फिल्म के पीछे के प्रोडक्शन हाउस लाइका प्रोडक्शंस ने नुकसान की भरपाई के लिए सुपरस्टार से संपर्क किया है। हालांकि, इस पर आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि लाइका प्रोडक्शन ने वेट्टैयन के वित्तीय झटके की भरपाई करने के लिए रजनीकांत से उनके लिए एक और फिल्म करने के लिए कहा है। अभिनेता से अगले सहयोग के लिए अपना वेतन कम

कथित तौर पर यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि प्रोडक्शन हाउस की रजनीकांत के साथ आखिरी रिलीज फिल्में 2.0, लाल सलाम और दरबार भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। वेट्टैयन के साथ, निर्माताओं को मुआवजे की उम्मीद थी लेकिन नवीनतम रिलीज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। आगामी सहयोग के बारे में विवरण गुप्त रखा गया है। टीजे ग्नानवेल द्वारा निर्देशित वेट्टैयन में रजनीकांत ने एक बार फिर एक पुलिस वाले की भूमिका निभाई। इससे पहले, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, फिल्म निर्माता ने फिल्म का प्रीक्वल बनाने के अपने इरादे पर विचार किया था। इस बात पर जोर देते हुए कि वह प्रीक्वल के माध्यम से फिल्म में रजनीकांत के किरदार अथियान के चरित्र का पता लगाना चाहते हैं। ग्नानवेल ने साझा किया कि वह एनकाउंटर स्पेशलिस्ट बनने की अपनी यात्रा दिखाना चाहते हैं। अमिताभ बच्चन और रजनीकांत 1991 की फिल्म हम के वर्षों बाद वेट्टैयन के साथ बड़े पर्दे पर साथ आए हैं। इस पुनर्मिलन ने प्रशंसकों को उत्साह से भर दिया था। हालांकि, वेट्टैयन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में इसका कोई फायदा नहीं हुआ। इस जोड़ी और फहद फासिल के अलावा, फिल्म में राणा दग्गुबाती, मंजू वारियर, रितिका सिंह और दुशारा विजयन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

तमन्ना भाटिया की फिल्म ओडेला 2 को लेकर आया नया अपडेट

तमन्ना भाटिया एक मशहूर भारतीय अभिनेत्री हैं, जो साउथ के अलावा हिंदी फिल्मों में भी अभिनय करती हैं। वह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ओडेला 2 को लेकर व्यस्त हैं। ये फिल्म एक हाई-वोल्टेज आध्यात्मिक थ्रिलर होने वाली है। फिल्म में तमन्ना बेहद अलग अवतार में नजर आने वाली है। वह इस फिल्म में शिवशक्ति नामक एक नागा साध्वी का किरदार निभाएंगी। हाल में ही फिल्म के निर्माण की औपचारिकताएं पूरी की गई हैं। वर्तमान में फिल्म का पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है। अब इस फिल्म पर नया अपडेट आया है।

हिंदी में भी डब होगी तमन्ना की ओडेला 2

123 तेलुगु डॉट कॉम की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म को लेकर आए एक नवीनतम अपडेट के अनुसार ओडेला 2 को हिंदी में भी डब किया जाएगा। फिलम को मूल भाषा तेलुगु के साथ-साथ पूरे भारत में रिलीज किया जाएगा। तमन्ना भाटिया एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिनके फैंस पूरे देश भर में हैं और वो लगातार साउथ के अलावा हिंदी फिल्मों में भी नजर आती रही हैं। इस वजह से उनके हिंदी फैंस के लिए ये खबर काफी उत्साह बढ़ाने वाली है। ओडेला 2 की शुरुआत हिंदी बेल्ट में पूरी तरह से तमन्ना के स्टारडम पर निर्भर करेगी।

कंतारा फेम अजनीश लोकनाथ दे रहे हैं संगीत

तमन्ना भाटिया की इस फिल्म से अभिनेत्री के फैंस को काफी उम्मीदें हैं। हाल में ही फिल्म के सेट से अभिनेत्री ने अपनी तस्वीर साझा की थी, जिसे फैंस ने काफी पसंद किया था। फिल्म में तमन्ना के अलावा हेबाह पटेल, लोकप्रिय चरित्र कलाकार मुरली शर्मा, केजीएफ फेम वशिष्ठ सिम्हा और अन्य कई कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्माण लोकप्रिय निर्देशक संपत नंदी द्वारा किया जा रहा है। वहीं, इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेजा कर रहे हैं। कंतारा फेम अजनीश लोकनाथ फिल्म में संगीत दे रहे हैं।

स्त्री 2 और वेदा में भी आ चुकी हैं नजर

तमन्ना भाटिया हाल ही में रिलीज़ हुई ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी, स्त्री 2 में अपने शानदार स्पेशल डांस नंबर आज की रात से काफी वाहवाही बटोरी है। इस गाने में अपने डांस और भाव से अभिनेत्री ने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया था। इस फिल्म में वह एक कैमियो करती नजर आईं, जिसमें उनके किरदार का नाम शमा रखा गया था। स्त्री 2 की बात करें, तो ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई है।

पुष्पा 2 द रूल में होगा धमाल, अल्लू के साथ श्रद्धा कपूर को होगा आइटम सॉन्ग?

पुष्पा 2 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह फिल्म साल 2021 में आई पुष्पा द राइज का दूसरा भाग है। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की जोड़ी एक बार फिर से बड़े पर्दे पर धमाल मचाएगी। पुष्पा 1 में सामंथा रुथ प्रभु का बेहद ही शानदार और सिजलिंग आइटम सॉन्ग ऊ अंटावा था, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। लेकिन क्या आपको यह पता है कि पुष्पा 2 द रूल में कौन सी अभिनेत्री अल्लू के साथ जबर्दस्त ठुमके लगाती नजर आएंगी।

2021 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा द राइज का दूसरा भाग पुष्पा 2 द रूल की रिलीज का हर एक अल्लू अर्जुन का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहा है। पुष्पा 2 इस साल की सबसे ज्यादा चर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में पिछली फिल्म की तरह ही एक सिजलिंग और हॉट आइटम सॉन्ग होने की बात काफी समय से सुर्खियों में बनी हुई है, लेकिन क्या आपको यह पता है कि इस बार पुष्पा 2 द रूल में अल्लू के साथ कौन सी अभिनेत्री अपना जलवा बिखेरेगी। आइए बताते हैं।

अल्लू के साथ श्रद्धा कपूर को होगा आइटम सॉन्ग?

पुष्पा 2- द रूल इस साल की सबसे प्रतिष्ठित फिल्मों में से एक मानी जा रही है। अल्लू अर्जुन अभिनीत इस फिल्म के बारे में कई जानकारियां सामने आती रहती हैं। अब सोशल मीडिया पर यह जानकारी सामने आई है कि फिल्म के निर्माता-निर्देशक ने अल्लू अर्जुन के साथ एक खास गाने में धमाल मचाने के लिए श्रद्धा कपूर को फाइनल कर लिया है। श्रद्धा से पहले कई अभिनेत्रियों के नामों पर विचार किया जा चुका है, लेकिन आखिर में स्त्री 2 फेम अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के नाम को फाइल कर लिया गया है। हालांकि, इसको लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

साल 2021 में आई अल्लू और रश्मिका की फिल्म पुष्पा द राइज में ऊ अंटावा सॉन्ग ने सभी का खूब मनोरंजन किया था। इस गाने में साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु के साथ अल्लू के डांस मूव्स ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा था। इस गाना उस समय नंबर वन पर ट्रेंड कर रहा था। अब मेकर्स पुष्पा 2 में भी एक जबर्दस्त आइटम सॉ़न्ग लेकर आएंगे। सुकुमार द्वारा निर्देशित पुष्पा 2, 6 दिसंबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अल्लू के अलावा रश्मिका मंदाना इस फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं, जबकि फहाद फासिल खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। माइथ्री मूवी मेकर्स की इस फिल्म को लेकर अल्लू और रश्मिका के प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। फिल्म में देवी श्री प्रसाद का संगीत है।

सूर्या की अगली फिल्म को निर्देशित करेंगे आर.जे.बालाजी, सोशल ड्रामा में होगा एक्शन का तड़का

सूर्या अपनी अगली फिल्म के लिए कमर कस रहे हैं, जिसका नाम अस्थायी रूप से सूर्या 45 रखा गया है, जिसे आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित किया जाएगा। प्रोडक्शन टीम ने आधिकारिक तौर पर इस प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए खुलासा किया कि संगीत एआर रहमान द्वारा रचित किया जाएगा। सूर्या ने फिल्म की घोषणा पोस्टर को कैप्शन के साथ साझा किया रोमांचित! जबकि आरजे बालाजी ने खबर साझा करते हुए लिखा, हम आप सभी से एक ब्लॉकबस्टर मनोरंजक फिल्म का वादा करते हैं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म एक एक्शन से भरपूर थ्रिलर है, जो गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित है। जारी किए गए पोस्टर में तिलक के साथ लंबी दरांती और बीच में एक वेल (भाला) दिखाया गया है, जो एक गहन कहानी की ओर इशारा करता है। सूर्या 45 सूर्या और एआर रहमान के बीच चौथा सहयोग भी है। इससे पहले वे आयुथा एज़ुथु सिल्लुनु ओरु काधल और 24 जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि रहमान का संगीत इस नए प्रोजेक्ट को कैसे आगे बढ़ाएगा। सूर्या 45 से पहले सूर्या शिवा द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म कंगुवा में नजर आएंगे। यह फिल्म एक फंतासी-एक्शन एडवेंचर है जिसमें बॉबी देओल और दिशा पटानी हैं जो तमिल में अपना डेब्यू कर रहे हैं। सहायक कलाकारों में जगपति बाबू, नटराजन सुब्रमण्यम, योगी बाबू, रेडिन किंग्सले और कोवई सरला शामिल हैं। 14 नवंबर 2024 को रिलीज होने वाली कंगुवा भारत की सबसे महंगी फिल्मों में से एक होने की उम्मीद है। फिल्म में सूर्या दो अलग-अलग भूमिकाओं में नज़र आएंगे, जो कई अलग-अलग समय पर आधारित होंगे। निर्देशक ने बताया कि फिल्म ऐतिहासिक रोमांचकारी तत्वों पर केंद्रित होगी।

बेटे अरहान के डेब्यू में अभी वक्त है



अरबाज खान ने हाल ही में बेटे अरहान खान के बॉलीवुड डेब्यू पर बात की। उन्होंने कहा कि अरहान को फिल्मों में आने के लिए अभी कुछ साल लग सकते हैं। वह अभी काफी युवा हैं और खुद पर काम कर रहे हैं। इंस्टेंट बॉलीवुड से बातचीत के दौरान अरबाज खान ने कहा, 'उम्मीद है कि एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने के लिए अरहान को अभी एक से दो साल तक का समय और लग सकता है। मुझे यकीन है कि वह पहले एक एक्टर के रूप में सामने आएगा, फिर वह किसी और काम को करेगा। उसके लिए एक्टिंग ही पहली प्राथमिकता होगी।' अरहान के साथ दोस्ती जैसा रिश्ता- मलाइका अरोड़ा बता दें, एक इंटरव्यू के दौरान मलाइका अरोड़ा ने बेटे अरहान खान संग अपने रिश्ते के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था, मैं सख्त होने के साथ ही सपोर्टिव मां भी हूं। अरहान जानता है कि वो किसी भी बात के लिए मेरी मदद ले सकता है। हालांकि, मुझे ये भी लगता है कि आज के टाइम में बच्चों के साथ दोस्ती बनाना काफी जरूरी है। लेकिन उससे भी ज्यादा ये जरूरी है कि आप अपने माता-पिता के रोल को गंभीरता से निभाएं। इसके अलावा अरहान खान के टॉक शो डंब बिरयानी में मलाइका ने बेटे अरहान और पिता अरबाज की आदतों के बारे में भी बात की। एक्ट्रेस ने कहा, अरहान की कुछ आदतें अरबाज जैसी हैं, जैसे कान और सिर खुजलाना। इसके साथ ही अरहान अपने पिता अरबाज जैसी साफ और पाक सोच भी रखता है।



रिलेशनशिप स्टेटस पर आदित्य रॉय कपूर ने तोड़ी चुप्पी

आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे का रिलेशनशिप लोगों के बीच खूब चर्चा का विषय रहा। अनन्या से ब्रेकअप के बाद पहली बाद आदित्य ने अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में बात की। उन्होंने कहा 'मैं इस समय पूरी तरह से चिल हूं।'करीना कपूर के चैट शो 'व्हाट वीमेन वांट' में इस बार गेस्ट के तौर पर आदित्य रॉय कपूर नजर आएंगे। इसका प्रोमो वीडियो सामने आया है, जिसमें करीना आदित्य से उनकी तीन पसंदीदा खूबियों पूछती नजर आईं। इसपर आदित्य ने कहा, 'मैं बहुत हैंडसम हूं, मैं आकर्षक हूं।' करीना आगे कहती हैं कि बहुत वीमेन आपके रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में जानना चाहती हैं। इसका जवाब देते हुए आदित्य ने कहा, क्या चिल करना भी कोई स्टेटस है? मैं चिलर हूं।' आदित्य रॉय कपूर ने अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहा, फिल्म आशिकी ने मेरे फिल्मी करियर की दिशा ही बदल दी। ऐसा नहीं है कि मैं उस रोल से इसलिए जुड़ा क्योंकि वह एक शराबी था।' करीना ने आदित्य से पूछा कि वह रिश्ते में घोस्टिंग (बिना कुछ बताए संपर्क खत्म करना) से कैसे निपटते हैं। आदित्य ने कहा, मैं ज्यादा फोन यूज नहीं करता। मुझे कोई सौ मैसेज भेजे तो मैं इग्नोर करके ब्लॉक कर दूं।'

पार्टनर को 50 से 75 बार कॉल करती हूं

अनन्या पांडे ने हाल ही में शो नो फिल्टर नेहा पर बताया था, अगर मेरे पार्टनर ने फोन नहीं उठाया, तो मैं 50 से 75 बार कॉल करती हूं। मैं ऐसी व्यक्ति हूं, जिसे एक मिनट में समस्या का समाधान चाहिए होता है। मुझे लोगों को स्पेस देना पसंद नहीं है। यह अच्छी आदत नहीं है।'

मार्च में हुआ था ब्रेकअप

आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे ने लगभग दो सालों तक एक दूसरे को डेट किया। दोनों को कई बार साथ समय बिताते स्पॉट किया गया था। हालांकि, ये रिश्ता भी लंबा नहीं चला और मार्च में उनका ब्रेकअप हो गया था।

टीवी शो के अलावा भोजपुरी गाने में भी काम कर चुकी हैं अपर्णा दीक्षित

टीवी एक्ट्रेस अपर्णा दीक्षित अपने धारावाहिक शो के कारण प्रशंसकों के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। अपर्णा अपना जन्मदिन मना रही हैं। अपर्णा को अम्बिका, देविका देओल जैसे किरदारों के कारण काफी प्रशंसकों के बीच चर्चा में रही हैं। कलश एक विश्वास, बेपनाह प्यार, प्यार की लुका छुपी, तुलसी हमारी बड़ी सयानी, मेरी आशिकी तुमसे ही, महाभारत जैसे धारावाहिकों में नजर आईं। टीवी शो के अलावा अपर्णा को भोजपुरी गाने दिलदारा में भी देखा गया था। इस गाने में अपर्णा ने विशाल सिंह के साथ अभिनय किया था।